उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक -50)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 15 जनवरी, 2024



अयोध्या नगर: रामोत्सव -2024

लक्ष्मण हुए गदगद, रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मिला न्योता 5

बुंदेलखंड के गौरव से परिचित कराएगी योगी सरकार 7

## 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत का भाव है पोंगल का त्योहार'

### केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के घर पहुंचे पीएम मोदी

### पूरे देश में पूरे सद्भाव के साथ मनाया जाता है पोंगल/मकर संक्रांति का त्यौहार



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पोंगल उत्सव के मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के दिल्ली स्थित आवास पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने पोंगल उत्सव के विधि-विधानों में हिस्सा भी लिया। पीएम मोदी के साथ तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन और केंद्रीय विज़ मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद रहीं।इससे पहले, पीएम मोदी ने देशवासियों को मकर संक्रांति और माघ बिहू उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, 'देश ने कल लोहड़ी का त्योहार मनाया। कुछ लोग आज मकर संक्रांति मना रहे हैं और कुछ लोग कल मनाएंगे, माघ बिहू भी आ रहा है, मैं देशवासियों को इन त्योहारों की शुभकामनाएं देता हूं।'

## मोहम्मद मुइज्जू ने चाइना से लौटते ही दिखाए तेवर, भारत को दिया 15 मार्च तक सेना हटाने का अल्टिमेटम



नई दिल्ली। मालदीव और भारत के रिश्ते लगातार तल्ख होते जा रहे हैं। इसी बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर बड़ा बयान दे दिया है। राष्ट्रपति ने इंडिया आउट का राग फिर से आलाप दिया है। मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैन्य बलों को मालदीव से हटाने के लिए कहा है। उन्होंने भारत को 15 मार्च तक का अल्टीमेटम भी दे दिया है। इससे पहले भी मालदीव भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग कर चुका है। जानकारी के मुताबिक मालदीव में वर्तमान में 88 भारतीय सैनिक तैनात है।

मालदीव के मुताबिक भारत को 15 मार्च तक मालदीव के इलाके को छोड़ देना चाहिए। शी जिनपिंग के साथ हुई मुलाकात के बाद मुइज्जू ने अपने तेवर बदल दिए हैं। गौरतलब है कि मोहम्मद मुइज्जू भारत विरोध के लिए जाने जाते हैं। सत्ता में भी वह इंडिया आउट प्रचार के जरिए ही आए थे।

इसी बीच जानकारी आई है कि भारत और मालदीव के बीच सैनिकों की वापसी को लेकर बातचीत शुरू हुई है। इसके लिए एक हाईलेवल का ग्ररुप भी बनाया गया है। इस ग्ररुप ने पहली बार विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में बैठक की है। राष्ट्रपति के रणनीतिक संचार कार्यालय के मंत्री इब्राहिम खलील ने अखबार को बताया कि यह बैठक उच्च स्तरीय कोर समूह के स्तर की थी।

उन्होंने कहा कि दिसंबर में दुबई में आयोजित सीओपी28 सम्मेलन के मौके पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बैठक के दौरान मालदीव और भारत ने इस कोर समूह को गठित करने पर सहमति जतायी थी। रिपोर्ट के अनुसार खलील का कहना है कि समूह भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी और मालदीव में भारत समर्थित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने पर चर्चा कर रहा है। बीते वर्ष ही 17 नवंबर को राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तत्काल बाद ही मुइज्जू ने भारत से अनुरोध किया था कि वो भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाए। उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए 'मजबूत जनादेश' दिया है। खलील ने इसके पहले कहा था कि राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व वाले नए मालदीव प्रशासन ने स्थापित किया है कि मालदीव में 77 भारतीय सैन्यकर्मी हैं। माले अब नई दिल्ली के साथ 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की भी समीक्षा कर रहा है। मालदीव में पहले हेलीकॉप्टर का प्रबंधन करने के लिए 24 भारतीय सैन्यकर्मी, डोर्नियर विमान का प्रबंधन करने के लिए 25 भारतीय, दूसरे हेलीकॉप्टर का प्रबंधन करने के लिए 26 भारतीय और रखरखाव और इंजीनियरिंग के लिए दो अन्य भारतीय कर्मी हैं।

भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर चर्चा मुइज्जू सरकार के तीन उपमंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ पोस्ट की गई अपमानजनक टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच उत्पन्न विवाद के बीच शुरू हुई है। चीन की अपनी हाल ही में संपन्न राजकीय यात्रा के दौरान, मुइज़्ज़ू ने मालदीव को बीजिंग के करीब लाने का प्रयास किया। मुइज्जू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है।

## 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन किन्नर समुदाय का ऐलान



बरेली। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन किन्नर समुदाय ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि इस दिन पैदा होने वाले बच्चों के घरों में वह बधाई गाने तो जाएंगे लेकिन नेग नहीं मांगेंगे। किन्नर समुदाय ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि अपने जीवन में राम मंदिर के दर्शन करेंगे।

### रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे

हर वर्ष पांच गरीब बच्चों की स्कूल की फीस अदा करने वाली किन्नर शारदा ने बताया कि 22 जनवरी को जिस परिवार में संतान होने पर हम बधाई गाने जाएंगे, वहां नेग नहीं मानेंगे जो मिल जाएगा खुशी-खुशी ले लेंगे और नहीं भी मिला तो आशीर्वाद देकर के लौट आएंगे। कहा जब प्रभु श्रीराम वनवास जा रहे थे तो अवध के हर नर नारी के साथ-साथ किन्नर भी उनके पीछे-पीछे जाने लगे तो प्रभु के निवेदन पर सभी अयोध्या लौट आए लेकिन किन्नर नहीं लौटे। तमसा नदी के पास 14 वर्ष तक प्रभु राम का गुणगान और उनकी पूजा-अर्चना की। वनवास के बाद जब श्रीराम लौटे तो वह उनके प्रति समर्पण भाव देख प्रसन्न हुए और तभी उन्होंने वरदान दिया कि संतान होने पर किन्नर घर-घर बधाई गाकर बच्चों को आशीर्वाद देंगे तो खुशहाली बनी रहेगी। उन?होंने कहा आज प्रभु की कृपा है कि हम आशीर्वाद देते हैं। 22 जनवरी के बाद हम रामलला के दर्शन करने अयोध्या भी जाएंगे।

### एक हजार दीपक निश्शुल्क वितरण का रखा लक्ष्य

किन्नर नैना देवी ने कहा कि 22 जनवरी के बाद हम लोग अयोध्या श्रीराम के दर्शन करने जाएंगे और वहां मंदिर के निर्माण में सहयोग भी करेंगे। किन्नर सरस्वती देवी ने कहा कि उनके क्षेत्र में 22 जनवरी को पैदा होने वाला कोई भी बच्चा ऐसा नहीं होगा, जिसे हम आशीर्वाद देने न जायें और हमने घर-घर एक हजार दीपक निश्शुल्क वितरण का लक्ष्य रखा है। किन्नर गौरी ने कहा कि वह अपनी सहेलियों के साथ 22 जनवरी को ट्रेन में श्रीराम के भजन गाएंगी और हर यात्री को 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाने का न्योता देंगी। किन्नर सोफिया ने बताया कि अगर कोई नेग अपनी मर्जी से देगा तो वह रख लेंगी।

## राहुल गांधी ने भरी हुंकार, मणिपुर से शुरू की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, मल्लिकार्जुन खरगे ने दिखाई हरी झंडी


नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यात्रा शुरू करने से पहलेखोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। राहुल गांधी ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया हूं जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। इंफ़ाल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की जिसके जरिये पार्टी का प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाए। इंफाल के बोथल से बस के जरिये यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है क्योंकि देशवासी भारी अन्याय का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है जो सद्भावना, समान भागीदारी और भाईचारे से भरा हो।








## कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे सांसद दानिश अली, कहा- सच के लिए लड़ेंगे



अमरोहा। सांसद ने कहा है कि सत्ताधारी दल के नेता ने उन पर संसद में टिप्पणी की थी। उस समय मुझे और मेरे परिवार को हौसला देने वाले राहुल गांधी ही देश के पहले नेता थे। एक्स पर इस प्रकार पोस्ट के बाद उनके कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बसपा से निष्कासित सांसद दानिश अली एक बार फिर से चर्चाओं में आ गए हैं। उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने एलान किया है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर पोस्ट भी की है। पोस्ट में उन्होंने भाजपा को निशाना बनाया है।हालांकि, कांग्रेस में शामिल होने की बात पर उन्होंने कहा कि मैं बसपा का सिपाही हूं, लेकिन अन्याय के खिलाफ कांग्रेस की इस यात्रा से जुड़ रहा हूं। अमरोहा से सांसद दानिश अली अक्सर चर्चाओं में बने रहते हैं। कभी भाजपाइयों से नोकझोंक का मामला हो या फिर संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा की टिप्पणी का मामला।पिछले दिनों बसपा ने दाशिन अली को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।







## संपादकीय

### सूर्य की दहलीज

भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक हाल के दिनों में आसमानी सफलता की नयी इबारत लिख रहे हैं। पिछले वर्ष अगस्त में चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के एक सप्ताह के भीतर ही भारत ने सूरज विषयक नया ज्ञान जुटाने के लिये आदित्य एल-1 मिशन शुरू किया था। हर भारतीय के लिये गर्व की बात है कि पृथ्वी से लगभग पंद्रह लाख किमी दूर आदित्य अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गया है। जो बताता है कि कैसे इसरो के वैज्ञानिक बेहद जटिल व मुश्किलों से भरे अभियानों को सहजता से तार्किक परिणति दे रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि यह भी है कि तमाम सफलताएं इतनी कम लागत में हासिल की गई हैं कि पूरी दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। इस तरह भारत विज्ञान की उन सीमाओं को विस्तार दे रहा है जो कालांतर शेष दुनिया के लिये कल्याणकारी साबित होंगी। शुरुआती संकेत बता रहे हैं कि मिशन के सभी अवयव सुचारू रूप से अपना काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य अगले पांच वर्षों तक शोध व अनुसंधान के कार्यों के जरिये मानवता के कल्याण के लिये नई जानकारी जुटाएगा। इस मिशन की सफलता ने उन संभावनाओं को भी गति दी है, जो भविष्य में अन्य ग्रहों में शोध-अनुसंधान के लिये मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इस तरह पहले सूर्य मिशन में भारत ने अंतरिक्ष में सूर्य की निगरानी करने वाली ऑब्जर्वेटरी स्थापित कर दी है। दरअसल, लैंगरैंज प्वाइंट तक पहुंचा आदित्य एल-1 धरती के इस करीबी ग्रह में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्ययन, अंतरिक्ष के मौसम व सौर प्रवाह के धरती पर पड़ने वाले प्रभावों के विश्लेषण का मार्ग प्रशस्त करेगा। बीते साल दो सितंबर को प्रक्षेपित किए गए सूर्य मिशन का लक्षित कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचना हमारे वैज्ञानिकों की मेधा व सटीक योजना का ही परिणाम है। उल्लेखनीय है कि जिस बिंदु पर आदित्य को पहुंचाया गया है वहां सूरज व धरती का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिसके चलते अंतरिक्ष यान को कम ईंधन की जरूरत होती है। वह कम ईंधन में अधिक समय तक वैज्ञानिक शोध-अनुसंधान कर सकता है। दरअसल, आदित्य यान में मौजूद सात पेलोड्स सूर्य की बाहरी परत, ऊर्जा और अंतरिक्ष में होने वाली अन्य गतिविधियों का अध्ययन करेंगे। साथ ही उन कारकों की पड़ताल जो धरती व अंतरिक्ष के मौसम को प्रभावित करते हैं। दरअसल, सौर प्रवाह के चलते धरती पर कई तरह की वैज्ञानिक घटनाएं सामने आती हैं। जिसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विचलन की तार्किकता भी है। अब वैज्ञानिक सूर्य के विकिरण तथा धरती पर उसके प्रभावों के बारे में भी अधिक जानकारी जुटा पाएंगे। निश्चित रूप से आदित्य मिशन की सफलता से भारतीय वैज्ञानिकों के सूर्य को लेकर ज्ञान में वृद्धि होगी। जो कालांतर मानवता के कल्याण और अंतरिक्ष से आसन्न खतरों से बचाव का मार्ग दिखाने में सहायक होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि साढ़े चार करोड़ डॉलर बजट वाले इस आदित्य मिशन से भविष्य में देश को भरपूर लाभ मिल सकेगा।

# सौर विकिरण व चुंबकीय तूफानों की सुलझेगी गुत्थी

जापान ने सौर ज्वालाओं का अध्ययन करने के लिए 1981 में अपना पहला मिशन शुरू किया था। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) 1990 के दशक से सूर्य का अवलोकन कर रही है। नासा और ईएसए ने फरवरी 2020 में संयुक्त रूप से एक सोलर ऑर्बिटर लांच किया जो सूर्य का करीब से अध्ययन कर रहा है और डेटा इकट्ठा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि कौन सी चीज इसके गतिशील व्यवहार को क्या प्रेरित करती है। 2021 में,नासा के नवीनतम अंतरिक्ष यान,पार्कर सोलर प्रोब ने सूर्य के बाहरी वायुमंडल,कोरोना में ऐतिहासिक उड़ान भरी। इससे पहले कोई और अंतरिक्ष यान सूर्य के इतने करीब नहीं पहुंचा था।



भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में दो बड़ी सफलताओं के साथ नए साल की शानदार शुरुआत की है। पिछले साल चंद्रमा के सबसे दुर्गम दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के मूनवॉक के बाद भारत का दूसरा यान आदित्य-एल1 छह जनवरी को सूर्य का साक्षात्कार करने पहुंच गया है। इससे पहले इसरो ने 1 जनवरी को ब्लैक होल और दूसरी खगोलीय वस्तुओं के अध्ययन के लिए एक्स-रे पोलारिमेटर सैटेलाइट (एक्सपोसेट) का सफल प्रक्षेपण किया था। इस तरह के अध्ययन के लिए यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इससे पहले नासा ने 2021 में इस तरह का मिशन भेजा था। सूर्य का करीब से अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 अंतरिक्ष में अपने निर्धारित स्थान, लंग्रेज 1 प्वाइंट पर पहुंच गया है। इसरो ने यान को इस प्वाइंट के इर्दगिर्द एक त्रिआयामी कक्षा में स्थापित कर दिया है। लंग्रेज 1 प्वाइंट सूर्य की दिशा में पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर है। त्रिआयामी कक्षा में यान को प्रविष्ट कराना तकनीकी दृष्टि से बहुत ही जटिल कार्य था, जिसे इसरो के वैज्ञानिकों ने सटीकता के साथ पूरा किया। इस सूर्य मिशन से भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने सूर्य के अन्वेषण के लिए अपने यान भेजे हैं।

आदित्य-एल1 ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएस एलवी-सी57) के जरिए श्रीहरिकोटा से 2 सितंबर को रवाना हुआ था। सूर्य की पड़ताल के लिए यह भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित ऑब्जर्वेटरी है। इसमें 7 अलग-अलग पेलोड हैं,जो सभी स्वदेशी साधनों से विकसित किए गए हैं। पांच पेलोड इसरो द्वारा विकसित किए गए हैं जबकि दो अन्य का विकास इसरो के सहयोग से भारतीय शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया गया है। यान के पेलोड में सात वैज्ञानिक उपकरण हैं जो सौर कोरोना (सबसे बाहरी परत), फोटोस्फीयर (सूर्य की सतह या वह भाग जिसे हम पृथ्वी से देखते हैं) और क्रोमोस्फीयर (प्लाज्मा की एक पतली परत जो फोटोस्फीयर और कोरोना के बीच स्थित होती है) का निरीक्षण और अध्ययन करेंगे।एल1 से अभिप्राय सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लग्रेंज प्वाइंट 1 से है। सामान्य समझ के लिए एल1 अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी जैसे दो खगोलीय पिंडों के गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित रहते हैं। दूसरे शब्दों में दोनों के बल एक-दूसरे को कैंसल कर देते हैं। इस वजह से वहां रखी वस्तु दोनों खगोलीय पिंडों के बीच अपेक्षाकृत स्थिर रहती है। सभी लग्रेंज स्थानों में से, एल1 को सौर अवलोकनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। एल1 के चारों ओर कक्षा में एक उपग्रह होने का मुख्य लाभ यह है कि यह बादलों द्वारा अवरुद्ध किए बिना या ग्रहणों का अनुभव किए बिना लगातार सूर्य को देख सकता है। इस समय वहां यूरोपीय स्पेस एजेंसी की सोलर एंड हेलिओस्फेरिक ऑब्ज़र्वेटरी (सोहो) इस समय वहां मौजूद है। सूर्य,ग्रहों और उनके चंद्रमाओं के बीच गुरुत्वीय अंतर-क्रियाओं के कारण पूरे सौरमंडल में लग्रेंज प्वाइंट मौजूद हैं।आदित्य एल1 अगले पांच वर्षों तक सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं को मापने में मदद करेगा और सभी प्रकार के डेटा एकत्र करेगा जो अकेले भारत के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। सूर्य हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है, इसे समझने के लिए यह डेटा बहुत उपयोगी होगा। आदित्य-एल1 ने अपनी यात्रा के दौरान पर अपने हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एचईएल1ओएस) पेलोड से सौर ज्वालाओं की पहली झलक देखी है। 29 अक्तूबर को अपनी पहली अवलोकन अवधि के दौरान एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर ने आदित्य-एल 1 पर सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरण को रिकॉर्ड किया। रिकॉर्ड किया गया डेटा अमेरिका के ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के जियोस्टेशनरी ऑपरेशनल एनवायर्नमेंटल सेटेलाइट द्वारा प्रदान किए गए डेटा के अनुरूप है।दरअसल, स्पेक्ट्रोमीटर का डेटा शोधकर्ताओं को सौर ज्वालाओं के आवेगपूर्ण चरणों के दौरान विस्फोटक ऊर्जा का अध्ययन करने में सक्षम बनाता है। यह स्पेक्ट्रोमीटर इसरो के बेंगलुरु स्थित यू.आर.राव सैटेलाइट सेंटर के स्पेस एस्ट्रोनॉमी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया था। आदित्य-एल1 पर लगे सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने 6 दिसंबर को सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क छवियों को सफलतापूर्वक कैप्चर किया है।एल1 लग्रेंज प्वाइंट पर यान की तैनाती से आदित्य-एल1 सूर्य को लगातार देख रख सकता है। इस स्थान से अंतरिक्ष यान सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों तक पहुंच सकता है। पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल से प्रभावित होने से पहले सौर विकिरण और चुंबकीय तूफानों को समझना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त एल1 बिंदु की गुरुत्वाकर्षण स्थिरता उपग्रह की परिचालन दक्षता को बढ़ाती है और बार-बार कक्षीय रखरखाव प्रयासों की आवश्यकता को कम करती है।सूर्य हमारे सौरमंडल के केंद्र में है। वह अन्य सभी खगोलीय पिंडों के व्यवहार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। सूर्य पर शोध से सौरमंडल की गतिशीलता को समझने में सुधार हुआ है।

सौर गतिविधि जिसमें सौर ज्वालाएं और कोरोनल मास इजेक्शन शामिल हैं, पृथ्वी के चारों ओर अंतरिक्ष पर्यावरण को प्रभावित कर सकती है। विद्युत ग्रिड,नेविगेशनल सिस्टम और संचार नेटवर्क की संभावित खराबी का पूर्वानुमान लगाने और उसे रोकने के लिए इन घटनाओं की गहन समझ की आवश्यकता होती है। सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र, तापन प्रक्रियाओं और प्लाज्मा गतिशीलता सहित उसके जटिल व्यवहार की जांच से खगोल भौतिकी और बुनियादी भौतिकी दोनों के विकास में सहायता मिलती है। सूर्य एक प्राकृतिक फ्यूजन (संलयन) रिएक्टर है। दुनिया के वैज्ञानिक सूर्य से प्रेरणा लेकर असीमित स्वच्छ ऊर्जा के लिए फ्यूजन रिएक्टर बनाने के प्रयास कर रहे हैं। पृथ्वी पर स्वच्छ और टिकाऊ संलयन ऊर्जा विकसित करने के हमारे प्रयास सूरज के मूल में चल रही गतिविधियों और और उसकी परमाणु प्रक्रियाओं पर शोध से प्राप्त ज्ञान से प्रभावित हो सकते हैं। हमारे उपग्रह और अंतरिक्ष यान सौर विकिरण और सौर पवन से प्रभावित होते हैं। इन सौर अंत:क्रियाओं को समझकर अंतरिक्ष यान डिजाइन और संचालन को बेहतर बनाने में मदद मिली है।सूर्य को समझने की कोशिश पिछले छह दशकों से हो रही है। नासा 1960 के दशक से सूर्य पर नजर रख रहा है।

# नहीं जायेंगे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में, शंकराचार्य नाराज ..!

राम आएंगे का लोकप्रिय गीत आजकल सबके जुबान पर चढ़ा हुआ है । हर तरफ अयोध्या के सजने सवरने को लेकर चर्चा है। घर घर स्थानीय कार्यकर्ता अक्षत चावल लेकर लोगो से आगामी अयोध्या उत्सव में शामिल होने की गुहार लगा रहें। बहुप्रतिक्षित राम मंदिर निर्माण और भगवान राम प्रभु के उनके महल में आगमन को लेकर देश में अजीब सा माहौल बनाया जा रहा किन्तु साधु संतो में इसे लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। संतो का मानना है कि भगवान राम का उनके महल में प्राण प्रतिष्ठा किसी वेदपाठी ब्राह्मण यजमान के हाथों हो जो कि तर्कसंगत और विचारणीय भी है। साधु संतो ने बातो बातो में यह तक कह दिया कि प्रभु श्री राम को राजनीति में घसीटा जा रहा जो राम मंदिर के उत्साह को सियासी रंग देगा, ऐसे में कई नामी गिरामी साधु संतो ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या ना जाने का फैसला लिया है। पूरे भारत के कई संत और मठाधीश राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ना शामिल होने का निर्णय लिया है। लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं, लेकिन जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य ने अयोध्या जाने से मना कर दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए ये भी आरोप लगाया कि 'राम मंदिर पर राजनीति हो रही है, धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। शंकराचार्य बोले कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों से चल तो रही हैं किन्तु यह भक्तों के लिए नहीं राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित है। कुछ संतो का मानना है कि भव्य समारोह रखा तो गया है किन्तु यह उपर्युक्त समय और मुहूर्त को अनदेखा करके राजनीतिक और चुनावी लाभ के लिए रखा गया है। उधर यूपी सरकार और उसका प्रशासन पूरे दम-ख़म से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य यजमान के तौर पर आमंत्रित किया गया है। आम तौर पर मुख्य यजमान ही प्राण-प्रतिष्ठा करते हैं। यानी पूजा-अर्चना के साथ गर्भ गृह में मूर्ति को विराजमान करवाते हैं जिसे लेकर साधु संतो ने घोर आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि वेदो और शास्त्रों में तपश्वी विप्र और वेदपाठी को ही यह अधिकार दिया गया है कि वह प्राण प्रतिष्ठा हेतु सार्वजनिक अनुष्ठान करें और मुख्य यजमान के रूप में संकल्प ले। ओडिशा के जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती, 'हिंदू जागरण सम्मेलन' को संबोधित करने आए। इसी दौरान उनसे पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या नहीं जाएंगे क्योंकि यह एक पार्टी विशेष के लोक सभा के चुनाव में फायदा लेने के उद्द्येशय से रामनवमी से पहले किया जा रहा है इसलिए मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने नहीं जा रहा हूं ! स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि प्रधान मोदी लोकार्पण करेंगे, मूर्ति का स्पर्श करेंगे तो मैं वहां तालियां बजाकर जय-जयकार करूंगा क्या ? क्या मेरे पद की यही मर्यादा है ! राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार होनी चाहिए, ऐसे आयोजन में मैं क्यों जाऊं ? पत्रकारों ने उनसे राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से मिले निमंत्रण के बारे में पूछा तो इस पर शंकराचार्य ने कहा कि मुझे जो आमंत्रण मिला है उसमें लिखा है कि शंकराचार्य आना चाहें तो अपने साथ एक और व्यक्ति के साथ आ सकते हैं।इसके अलावा हमसे किसी तरह का अब तक संपर्क नहीं किया गया है, वो सौ व्यक्तियों के लिए कहते तो भी नहीं जाता। शंकराचार्य ने कहा कि 'राम मंदिर पर जिस तरह की राजनीति हो रही है, वह नहीं होनी चाहिए। इस समय राजनीति में कुछ सही नहीं है। उन्होंने धर्म स्थलों पर बनाए जा रहे कॉरिडोर की भी आलोचना की।'धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने ये भी कहा कि 'आज सभी प्रमुख धर्म स्थलों को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है. इस तरह इन्हें भोग-विलासता की चीजों से जोड़ा जा रहा है, जो ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि दुनिया में चाहे जिस भी धर्म के लोग हों, उन सभी के पूर्वज हिंदू थे। भगवद्कृपा से गैर हिंदू देशों में भी मेरे संदेश का प्रसारण होता है।उल्लेखनीय है कि निश्चलानंद सरस्वती पुरी के श्रीगोवर्धन पीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य हैं. उनका जन्म 1943 में बिहार के मधुबनी जिले ,बिहार में हुआ था। वह दरभंगा के महाराजा के राज-पंडित के पुत्र हैं और मैथिल ब्राह्मण परिवार में जन्म लिए और उन्हें धर्म आचरण का ज्ञान है।




**संतो का मानना है कि भगवान राम का उनके महल में प्राण प्रतिष्ठा किसी वेदपाठी ब्राह्मण यजमान के हाथों हो जो कि तर्कसंगत और विचारणीय भी है। साधु संतो ने बातो बातो में यह तक कह दिया कि प्रभु श्री राम को राजनीति में घसीटा जा रहा जो राम मंदिर के उत्साह को सियासी रंग देगा, ऐसे में कई नामी गिरामी साधु संतो ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या ना जाने का फैसला लिया है। पूरे भारत के कई संत और मठाधीश राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ना शामिल होने का निर्णय लिया है।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

## संगठन लोगों को व्यवस्थित बनाता है और तब आंदोलन में मिलती सफलता

कानपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, कानपुर प्रान्त के तत्वावधान में सिविल लाइन्स स्थित जी.एन.के. सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती समर्थन दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संगठन लोगों को व्यवस्थित बनाता है और इसके बाद किया जाने वाला आंदोलन निश्चित सफलता देता है। मुख्य अतिथि जिला मलेरिया अधिकारी ए. के. सिंह, मुख्य वक्ता जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) नीलम शर्मा और विशिष्ट अतिथि एस. एन. सेन बालिका विद्यालय पी. जी. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुमन ने भारत माता तथा स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डीएमओ ए. के. सिंह ने कहा कि अच्छे उद्देश्य के साथ किये जाने वाले कार्य में शुरुआत में भले रुकावटें आएँ मगर अंत में सफलता मिलती है। मुख्य वक्ता डीजीसी (सिविल) नीलम शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति से व्यवस्था परिवर्तन होता है। ग्राहकों पर अन्याय से उपजे ग्राहक आंदोलन के परिणामस्वरूप देशवासियों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उपभोक्ता फोरम का लाभ मिला। विशिष्ट अतिथि एस. एन. सेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुमन ने कहा कि संगठन लोगों को व्यवस्थित बनाता है, जिसके बाद कार्य में तेजी और सफलता मिलती है। सह जिला कार्यवाह सोम गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रान्त अध्यक्ष शंकर दयाल दुबे ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन प्रांत सचिव सचिन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रान्त उपाध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्रा, प्रान्त कोषाध्यक्ष विभोर द्विवेदी, प्रान्त महिला प्रमुख निमिषा त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष पं. उमेश शास्त्री, नीलम अग्निहोत्री, नीरा सिंह, रश्मि विश्वकर्मा, मोहित गुप्ता, हर्ष अवस्थी उपस्थित रहे ।

# 1 फ़रवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश होगा-2024 सांसद चुनाव है पास



गोंदिया- वैश्विक स्तरपर आज भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ चुका है इसीलिए ही पूरी दुनियां की नजरे संसद के बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी 2024 पर लगी हुई है, क्योंकि इसमें 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश होगा। संसद चुनाव 2024 से पहले यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा और सरकार लेखानुदान के जरिए जुलाई 2024 तक 4 महीने के लिए संसद से खर्च की मंजूरी मांगेगा इसीलिए बड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद बहुत कम है, परंतु फिर भी अभी कुछ दिन पहले माननीय पीएम द्वारा परिभाषित विशेषकर जातियां महिलाओं युवाओं किसानों और गरीबों पर अधिक फोकस करना है इसीलिए यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके लिए किन्ही पैकेज का पिटारा खुल सकता है। जबकि आयकर सीमा बढ़ाने की संभावना नहीं है क्योंकि प्रत्यक्ष कर देने वालों की संख्या अभी बहुत कम है और सरकार इस आंकड़े को और घटना नहीं चाहती बल्कि आज सरकार को सबसे अधिक आय अप्रत्यक्ष करों से ही हो रही है, जिसमें जीएसटी संग्रह हर माह लगातार बढ़ रहा है जो प्रतिमाह 1.50 लाख करोड़ के पार हो गया है, इसलिए इसमें और अधिक बढ़ाने की तरकीब सरकार लगा सकती है। चूंकि बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी 2024 तक चलने की तारीख आ चुकी है इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश होगा,2024 सांसद चुनाव है पास, वोटरों को रिझाकर बनाना होगा अपना खास।साथियों बात अगर हम संसद के बजट सत्र 2024 की करें तो, संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेगा। दस दिनों के बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और उसी दिन आर्थिक सर्वे पेश किए जाने की संभावना है। दस दिन तक चलने वाला यह बजट सत्र अंतरिम बजट होगा और इसमें सरकार केवल आवश्यक खर्चों के लिए अनुमति मांगेगी। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पेश किए जाने वाले इस बजट के लोकलुभावन नीतियों से भरपूर होने की संभावना है।2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने आयकर की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था, जिसका बहुत स्वागत किया गया था। इस बार भी पीएम के द्वारा कही जाने वाली चार विशेष जातियों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के लिए विशेष योजनाएं पेश की जा सकती हैं।आर्थिक मामलों के जानकारों के अनुसार, इस बार बजट में आयकर सीमा के बढ़ाने की संभावना नहीं है। प्रत्यक्ष आयकर दाताओं की संख्या पहले ही बहुत कम है, इसलिए सरकार आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर अपनी आय कम करने की बात नहीं सोचेगी। उसे लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त पैसे की भी आवश्यकता है। ऐसे में वह अपनी आय कम करने का कोई भी रास्ता नहीं अपनाएगी। हालांकि, किसी नए कर प्रस्ताव के न आने की भी संभावना हो सकती है।बता दें कि सत्तारूढ़ सरकार चुनावी वर्ष में या जब पूर्ण बजट के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है, तब संसद में अंतरिम बजट पेश करती है। पूरे वार्षिक बजट का मसौदा चुनाव के बाद कार्यभार संभालने वाली नई सरकार द्वारा तैयार किया जाएगा। इस वर्ष, पिछले वर्षों की तरह एक लंबे आर्थिक सर्वे के बजाय, 1 फरवरी को अंतरिम बजट से पहले 2024-25 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट पेश किए जाने का अनुमान है। मालूम हो कि आम चुनाव से पहले यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा और सरकार लेखानुदान के जरिए जुलाई 2024 तक चार महीने के लिए संसद से खर्च की मंजूरी मांगेगी।

साथियों बात कर हम 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले बजट पर पूरी दुनियां की नजरों की करें तो, वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाले हर क्षेत्र के हितकारी लोगों की नजरे लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-2025 पर लगी हुई है, क्योंकि आम जनता इस आस में है कि इस अंतिरिम बजट 2024 में चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए लोक लुभावना घोषणाएं की जाएगी और आम जनता के साथ साथ वोटरों को भी आकर्षित किया जाएगा, परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि लगातार विकास कार्यों, स्कीमों की घोषणाएं होती ही रहती है इसीलिए ही माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक कार्यक्रम में इशारा दे दिया है कि 2024 के 1 फरवरी वाले अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करने जा रही है बल्किइसके लिए जुलाई 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा।मेरा मानना है कि इससे जनता को कुछ मायूसी जरूर हुई होगी परंतु सब्र का फल मीठा होता है मुझे विश्वास है जुलाई 2024 में बड़ी असरदार घोषणाओं की संभावना की उपलब्धि से इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि बजट 2024-2025, 1 फरवरी 2024 के अंतिरिम बजट की तैयारी शुरू हो गई है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वित्त वर्ष 2024-2025 में दो बार बजट पेश होगा अंतरिम बजट व पूर्ण बजट।

साथियों बात अगर हम संविधान के आर्टिकल 116 में शामिल वोट आन अकाउंट यानी लेखानुदान को समझने की करें तो, हर साल 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाता है। इसे देश के वित?त मंत्री पेश करते हैं। इस बजट में आगामी साल के लिए सरकार के पूरे साल की कमाई और खर्च का लेखा-जोखा पेश किया जाता है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सम्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# 58वे निर्वाण दिवस पर कांग्रेसियों ने तैलचित्र पर किया मल्यार्पण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।शहर कॉग्रेस कमेटी उत्तर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 58वें निर्वाण दिवस पर तिलक हाल में आयोजित पुष्पांजलि सभा में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण के बाद शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने शास्त्री को त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति बताते हुये कहा कि साधारण परिवार में जन्मे शास्त्री ने परिवारिक दुश्वारियों और विपन्नता के बावजूद शास्त्री जी ने न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे गांधी वादी सिद्धांतो व आदर्शों को अंगीकार कर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर स्वतंत्रता संग्राम के अद्वितीय महानायक बने बल्कि देश की आजादी के बाद अपने कुशाग्र एवं कर्मशील व्यक्तित्व के रहते देश के प्रधानमंत्री बने। देश की अस्मिता की रक्षा के लिए अपने प्राणो तक का उत्सर्ग कर अमर हो गये। शास्त्री जी का जय जवान-जय किसान का उद्घोष आज भी प्रासंगिक है जिस पर चल कर देश वैभवशाली व सामृद्धी की ओर अग्रसर हो सकता है।

सभा का संयोजन शकील मंसूरी ने एवं संचालन लल्लन अवस्थी ने किया।पुष्पांजलि सभा में शंकर दत्त मिश्र, दिलीप शुक्ला, अशोक दीक्षित भाई जी, चंद्रमणि मिश्र, राधेश्याम कश्यप, आनंद अवस्थी, बिपिन तिवारी, सीताराम निषाद, संजय बाथम, अमित जायसवाल आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# पूर्व मुख्यमंत्री के जन्म दिवस को जन कल्याण दिवस के रूप में मनाने के दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अंजली पार्टी लॉन मैनावती बिठूर मार्ग में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर मण्डल नौशाद अली बहन कु0 मायावती के 68वें जन्म दिवस की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक हुई जिसमें जिला व विधान सभा व सेक्टर के पदाधिकारियों के धूमधाम से जन्मदिवस को जन कल्याण दिवस मनाने के निर्देश दिये तथा जन्म दिवस का कार्यक्रम अंजली पार्टी लॉन मे मनाया जायेगा तथा जन्म दिवस के अवसर पर बीएसपी की सरकार मे सर्व समाज के हित में बहन कु0 मायावती द्वारा किये गये जनहित मे कार्यो के सम्बन्ध मे दिशा निर्देश दियें बैठक मे मुख्य रुप से जितेन्द्र शंखवार, अनिल पाल , तारा चन्द्र मो0 आमीन हरि नारायण कुशवाहा, राम नारायण निषाद, सुरेन्द्र कुशवाहा जे0 डी0 गौतम आदि रहे।




# सीएनसी ट्रेंनिंग एवं प्रोडक्शन लैब का उद्घाटन श्रमायुक्त ने किया उद्घाटन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। यदुपति सिंघानिया सेंटर फॉर टेक्निशियन ट्रेंनिंग प्राइवेट आई.टी.आई 81 बी दादा नगर कानपुर में कौशल की प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए संस्थान में सीएनसी ट्रेंनिंग एवं प्रोडक्शन लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि मार्कंडेय साही, श्रम आयुक्त तथा श्रीमती सौम्या पाण्डेय अपर श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही ने प्रशिक्षुओं को आई.टी.आई प्रशिक्षण के पश्चात् की संभावनाओं के बारे में अवगत कराया तथा अपर श्रम आयुक्त सौम्या पांडे द्वारा संस्थान के अनुदेशकों (शिक्षको) की प्रशंसा करते हुए संस्थान व जे.के समूह का समाज में योगदान की उत्कृष्टता का वर्णन करते हुए प्रशिक्षुओ को प्रोत्साहित किया व आगमी भष्विय की शुभकामनाएं दी ।इसी क्रम में श्रीमती सौम्या पाण्डेय द्वारा यह भी बताया गया की वह स्वयं भी इलेक्ट्रिकिल इन्जीनियर है और उन्होने प्रशिक्षुओ से बात करते हुए अपने अनुभव को साझा किया।

## समाधान दिवस पर मूलगंज व अनवरगंज थाने पहुंचे आयुक्त

कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने समाधान-दिवस के अवसर पर थाना मूलगंज व अनवरगंज में बीपीओ यानि बीट पुलिस अधिकारी से बीट बुक, आईजीआरएस एवं अन्य जानकारी ली। यहां पर पुलिस आयुक्त ने स्थानीय दुकानदारों व आम लोगों से बातचीत करके बीट पुलिस अधिकारी के बारे में जानकारी ली और शहर की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।स्थानीय लोगों ने पुलिस आयुक्त को सुरक्षा व यातायात संबंधी दिक्कतों के बारे में बताया और अपने सुझाव भी दिये। अनवरगंज थाने के बाद पुलिस आयुक्त अखिल कुमार थाना मूलगंज आये। यहां भी उन्होंने स्थानीय दुकानदारों व आमजन से वार्ता कर बीट पुलिस अधिकारी के बारे में जानकारी ली।

# पुलिस ने 72 घण्टे के अंदर किया चोरी की घटना का सफल अनावरण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बिठूर की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 मु0अ0सं0 007/2024 धारा 380/457 आईपीसी थाना बिठूर का 72 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुये शत प्रतिशत माल की बरामदगी की गयी। घटनाक्रम 09 जनवरी को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 007/2024 धारा 380/457 आईपीसी बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत हुआ।उक्त अभियोग की घटना का खुलासा थाना बिठूर पुलिस व सर्विलांस टीम व मुखबिर खास के संयुक्त प्रयास से अभियुक्तगण अंकित गौतम पुत्र शिवकुमार गौतम नि0 मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र करीब 21 वर्ष 2. जितेन्द्र कुशवाह पुत्र गयाप्रसाद नि0 अवधपुरी कच्ची मढईया थाना कल्यानपुर मूल पता गौरी मऊ थाना फतेपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष 3. सूरज कुशवाह पुत्र गयाप्रसाद नि) अवधपुरी कच्ची मढईया थाना कल्यानपुर मूल पता गौरी मऊ थाना फतेपुर चौरासी जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष के कब्जे से चोरी करने के उपकरण व मुकदमा उपरोक्त में चोरी किया गया शत प्रतिशत माल दो अदद एंड्राइड मोबाइल फोन व 13 अदद हाथ घड़ी स्पोर्टस व 114 अदद साधारण हाथ घड़ी विभिन्न कम्पनी व 26 अदद कीपेड मोबाइल विभिन्न कम्पनी व 10 अदद माइक्रो चिप व 10 अदद ईयर बड्स मय डिब्बे विभिन्न कम्पनी व 5 अदद ब्लू टूथ स्पीकर व 4 अदद स्मार्ट घड़ी व 861 रुपये व चोरी करने का सामान दो अदद छोटे-बडे सब्बल व एक अदद हथौडा व एक अदद प्लास व एक अदद तार कटर के ब्लू बर्ड तिराहे से बरामद करते हुये मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी अभियुक्तगण उपरोक्त को उसके जुर्म धारा 380/457/411 भादवि से अवगत कराते हुये पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्तगण को आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस बल की उक्त कार्यवाही से क्षेत्र की जनता व व्यापारियों द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# हाल -ए -भ्रष्टाचारः हाईस्कूल पास कुली कर रहा है मेडिकल बाबू का काम

## जोन-5 के जोनल अधिकारी की शह पर हो रहा है बड़ा भ्रष्टाचार

**बीपीएस न्यूज**




कानपुर। नगर निगम ने जब से जोन वार कार्य प्रस्तावित कर दिए है तब से धांधली का सिलसिला जोरो पर चल निकला है।उ0प्र0 सरकार जीरो टालरेंस की बात करती है साथ ही सत्ता पक्ष की महापौर होने के बावजूद जोनल कार्यालय में भीषण या फिर कहे कि खुलेआम लूट खसोट चल रही है वह भी एक जिम्मेदार अधिकारी के संनिध्य में अब जब कि ऐसे में लोकसभा का चुनाव भी लगा है और विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार छोडने को तैयार नही है अब ऐसे में सरकार की फजीयत होना तो तय है।आपको बताते चले कि नगर निगम के जोन पांच कार्यालय जो कि जागेश्वर अस्पताल में स्थित है वहां। नगर निगम ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र को बनाने का जिम्मा जोनवार कर दिया ताकि लोगो को किसी भी परेशानी का सामना न करना पडे बावजूद इसके कि जोनवार होने के बाद भ्रष्टाचार कम होने के बजाए और बढ़ गया जिसको लेकर आम जनमानस जोन के चक्कर लगा रहा है।विभागीय सूत्रा से मिली जानकारी के अनुसार जोन पांच कार्यालय में नासिर जो कि चतुर्तर्थ श्रेणी कमी एपीडिमेट कुली के पद पर कार्यरत है और जन्म- मृत्यु कार्यालय में प्रभारी का कार्य देख रहा है साथ ही हस्ताक्षर करने का अधिकार भी उसे प्राप्त है यही नही इसके साथ ही शेरसिंह जो कि संविदा सफाई कर्मी है वह भी जोन में जोनल अधिकारी की शह पर आराम फरमा रहा है जबकि महापौर स्वंय जाकर सफाई व्यवस्था देख रही है और खुद प्रधानमंत्री के बताए आर्देशो पर चल रही है ,लेकिन उनके मातहत चर्तुर्थ श्रेणी कर्मी उनका ही नही बल्कि सरकार का भी उपहास उडा रहे है। उसके बाद एक बात करते है एक कम्पूटर आपरेटर की जो कि बिना किसी सूचना के जोन में कार्य कर रही है। अब इसके लिए कौन जिम्मेदार है... ? यह भी एक सवालिया निशान है। इस बाबत जब जोनल अधिकारी विनय प्रताप सिंह से दूरभाष से संपर्क करना चाहा तो उनका फोन नही उठा।लखनऊ नगर निगम में शासन द्वारा जिस तरह की पहल की गई वह बहुत ही सराहनीय है ,लेकिन इस मामले में कानपुर जिला पूरी तरह से फिसड्डी ही साबित हुआ है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी एन के अथक प्रयासो को जोनल अधिकारियों ने मटियामेट कर दिया है। लखनऊ में जो कार्य जोनल कार्यालय और अधिाकरी के अधीन है उसे कानपुर में लागू न कर एक कुली जैसे पदस्थ से कार्य लिया जा रहा है जो कि मेडिकल की जांच कर रहा है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस रुप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 116 वीं जयंती

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।सीएसए में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉज़्टर आनंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आज स्वामी जी की 161वीं जयंती है स्वामी विवेकानंद जी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया। डॉज़्टर सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सिर्फ स्मरण का दिन नहीं बल्कि युवाओं के सक्रिय रहने का दिन है।

इस दिन पूरे देश के स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में स्वामी जी पर भाषण, पाठ,संगीत, गीत,सज़्मेलन, योगासन, निबंध लेखन, प्रतियोगिताएं, सेमिनार,खेलकूद और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को दुनिया भर में पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉज़्टर मुनीश गंगवार ने बताया कि इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्थान हैदराबाद के वैश्विक मार्गदर्शक पद्म भूषण डॉज़्टर कमलेश डी पाटिल जी के सानिध्य में हृदय आधारित हृदय आधारित ज्ञान द्वारा आंतरिक अनुभव प्राप्त किया व लाभान्वित हुए।इस कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस संस्था कानपुर के ध्यान प्रशिक्षक राजेश श्रीवास्तव एवं सुचि सहाय की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डा गंगवार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुज़्य उद्देश्य युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारना एवं हर्टफुलनेस तकनीक के साथ मार्गदर्शन में अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करना है उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में ऑनलाइन देश-विदेश के एक लाख चालीस हज़ार छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉज़्टर कौशल कुमार, डॉज़्टर स्वेता एवं डॉ राजीव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बहुचर्चित बिलकिस बानो मामले पर पूर्व सांसद को किया सम्मानित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।संयुक्त विपक्षी मोर्चा के तत्वाधान में हरिहर नाथ शास्त्री भवन खलासी लाइन में बहुचर्चित बिलकिस बानो केस में हमारे ही कामरेड सुभाषनी अली पूर्व सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी जिसमें ऐतिहासिक फैसला आया कि 11 दोषियों को दोबारा जेल की सलाखों के पीछे जाने का आदेश सुनाया गया का. सुभाषनी अली ने निर्बल वर्ग की आवाज उठाई और सफलता प्राप्त हुई यह धारणा बनी की संघर्ष करने पर न्याय मिलेगा वक्ताओं ने कहा कि सुभाषनी ने कुछ ऐसी अलग जगाई बिलकिस बानो केस को लड़ा और सफलता प्राप्त की उन्होंने निर्धन व निर्बल के लिए आवाज उठाई और पीड़िता को न्याय दिलाया इस साहसिक कदम के लिए देश की न्याय प्रिय जनता उनकी सदा आभारी रहेगी सम्मान समारोह में सुभाषनी अली को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह व मालाओं से लाकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकदल , सी.पी.एम. आप पार्टी,फॉरवर्ड ब्लॉक, सी.पी .आई.सहित सभी विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता मौजूद थे ! कामरेड सुभाषनी अली पूर्व सासंद ने मौजूद जनमानस को संबोधित करते हुए कहां की एकता में बल है अब हम सब निडर होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेना होगा क्योंकि सांप्रदायिक व महिला विरोधी ताकतो को उखाड़ फेंकना है गुजरात सरकार ने ताकत का दुरुपयोग किया गुजरात सरकार को सजा में छूट देने का अधिकार नहीं था फिर उन्होंने दुशासिक कार्य किया और अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया कामरेड ने अपने आगे संबोधन में कहा कि भाजपा की महिला विरोधी नीतियों से पर्दा हट गया है यह न्यायड्डु की जीत है इसमें न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और बढ़ा है यह फैसला ऐतिहासिक फैसला है सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को आईना दिखाने का काम किया है सरकार का यह नारा बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का नारा झूठ साबित हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक सुरेश गुप्ता ने की तथा संचालन अतहर नईम ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमिताभ बाजपेई ,मोहम्मद हसन रूमी, भूधर नारायण मिश्र, नौशाद अलम मंसूरी, मोहम्मद सुलेमान, छोटे भाई नरोना ,मोहम्मद इरफान, प्रदीप यादव, राजीव निगम ,अभिमन्यु गुप्ता ,मोहम्मद उस्मान, नीरज सिंह श्याम देव सिंह ,शाकिर अली उस्मानी ,अशोक केसरवानी ,आर.पी.कनौजिया,सुधा सिंह आदि रहे ।

## जिलापंचायत अध्यक्ष ने सदन की बैठक में समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का दिया आश्वासन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय सभागार में जिला पंचायत सदन की बैठक सम्पन्न हुयी, बैठक में विधायक विधानसभा क्षेत्र बिठूर अभिजीत सिंह सांगा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रवीन्द्र कुमार सहित सदन के सदस्यगण व सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थिति रहे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी तथा बैठक में मूल बजट 2024-25 में जिला पंचायत को प्राप्त होने वाले अनुदानों से अनुमानित आय 28 करोड़ 50 लाख, अनुदानो से प्राप्त अनुमानित ब्याज 55 लाख, निजी क्षेत्रों से अनुमानित आय 13 करोड 69 लाख व 31 मार्च, 2024 को निधि का अनुमानित अवशेष-10 करोड 38 लाख इस प्रकार रूपये 53 करोड़ 12 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में उपस्थित ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र की समस्याओं को सुना गया, उन समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया तथा उन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश बैठक में सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने बालश्रम रोकने हेतु दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।अध्यक्ष उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस के सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) रिंकी जायसवाल, अपर पुलिस उपायुक्त क्राइम मनीष सोनकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप, जिला पंचायतराज अधिकारी कमल किशोर, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह, जिला दिव्यांगजन अधिकारी विनय उत्तम, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।बैठक में अध्यक्ष द्वारा दिये गए महत्वपूर्ण निर्देश जनपद में बालश्रम को रोकने के लिए एक अभियान चलाया जाए तथा बालश्रम कानून का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। जनपद में 12 जनवरी से 23 जनवरी के मध्य समस्त विद्यालयों में नशा न करने की शपथ दिलाई जाए, जिसमे जनपद स्तरीय, ब्लाक स्तरीय व ग्राम स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाए

और प्रर्थना सभा मे बच्चों को शपथ दिलाने के पश्चात उनकी जागरूकता हेतु जानकारी प्रदान की जाए।जनपद के विद्यालयों के 100 मीटर परिधि में यह सुनिश्चित कराया जाए कि कोई धूम्रपान की दुकान न संचालित हो,

यदि कोई दुकान संचालित करता है तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। विद्यालयों में प्रहरी क्लब बनाये जाए, जिसमें क्लासटीचर व क्लास के 4-5 बच्चों को सम्मलित किया जाए, यदि कोई क्लास का बच्चा नशा करें तो उसकी जानकारी शीघ्र मिल सकें और उसकी रोकथाम की जा सकें। जनपद में एक युद्ध- नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जाए, जागरूकता हेतु इसका प्रचार-प्रसार कराया जाए। जनपद में बच्चे नशीले पदार्थो का सेवन न करें, इसके लिए सार्थक प्रयास कर इसकी रोकथाम की जाये। जनपद में बाल भिक्षावृत्ति न हो इसकी रोकथाम की जाये, भिक्षावर्ति में लगे बच्चों को चिन्हित कर उनको भिक्षा से शिक्षा की ओर ले जाया जाए, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सकें।जनपद में विद्यालयों में छात्रों की उपस्थित बनाने हेतु पैरेन्ट्स मीटिंग का आयोजन किया जाए, शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से संवाद किया जाए।

# विपक्ष के निमंत्रण अस्वीकार करने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने लताड़ा

**बीपीएस न्यूज**




कानपुर। विपक्ष (इंडी गठबंधन) के नेता प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार कर सकते है। तुस्टीकरण की राजनीति ने इनको अंधा कर दिया है।यह बात आज कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय मे आयोजित क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक मे कही। श्री पाल ने कहा की अगर वो राम को मानते है तो अपने कार्यकर्ताओं से यह कहें की वो प्रभु राम आगमन पर उत्सव मनाएं ।बैठक से पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय की छत पर प्रभु राम का प्रतीक भगवा झंडा लगाकर जय श्री राम का उद्घोष किया। बैठक में कहा कि 14 जनवरी से सभी मठ मंदिरों मे भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि सांसद,विधायक,जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य,महापौर/पार्षद,क्षेत्र मे निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी,क्षेत्र पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष अपने अपने निकटतम मठ मंदिरों मे स्वच्छता अभियान चला कर मठ मंदिरों गुरुद्वारा की साज सज्जा प्रारम्भ करें जो 22 जनवरी तक नियमित चले ।बैठक में तय किया गया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी मोर्चा प्रकोष्ठों विभागों के संयोजक एवं सहसंयोजक आम जनमानस के बीच जाकर उनके फोन पर नमो एप डाउनलोड करेंगे प्रत्येक क्षेत्रीय पदाधिकारी को 100 व्यक्तियों के फोन पर नमो एप डाउनलोड करना है और उसको सूचीबद्ध करके क्षेत्रीय कार्यालय को अवगत कराना है ।बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, संत विलास शिवहरे,अनिता गुप्ता,सुनील तिवारी,पवन प्रताप सिंह,राजेश भदौरिया,अनिल दीक्षित,उमेश निगम,शिवबोधन मिश्रा,युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू,आलोक शुक्ला,दीप अवस्थी,मोहित पाण्डेय,विकास दुबे,अनूप तिवारी,संदीप ठाकुर,गुरविंदर सिंह छाबड़ा,आलोक मिश्रा,पियूष आदि लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त सभागार में उच्च स्तरीय संचालन समिति की हुई बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ण्डलायुक्त अमित गुप्ता व पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शहर में सुगम और सुचारू यातायात प्रबंधन हेतु मण्डलायुक्त सभागार में उच्च स्तरीय संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी ।बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त आनन्द प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी विशाख जी, एम0डी0 केस्को सैमुअल पॉल, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, पुलिस उपायुक्त पूर्वी तेज स्वरूप, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ0 राजेश कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण व विभिन्न परिवहन एशोसियेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस विभाग द्वारा शहर के सुगम यातायात हेतु प्रमुख चिन्हित किये गये चौराहो में किये जाने वाले सुधारात्मक कार्यो के सम्बन्ध में प्रजन्टेशन किया गया जिसके सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर निम्न निर्देश दिये गये आटो व ई-रिक्शा हेतु अध्ययन कर एक पालिसी बनाई जाये।

रूट का चिन्हाकन कर उसको कैसे क्रियान्वयन कराया जाये, इसका अध्ययन किया जाये। चिन्हित चौराहो व प्वाइन्टो में सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने हेतु समितियों का गठन किया जाये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के लोकल स्तरीय अधिकारी को सम्मिलित किया जाये।

लोकल गठित कमेटी द्वारा वंहा पर क्या सुधार हेतु कार्यवाही करने की आवश्यकता है, उसका अध्ययन किया जाये तथा उस पर अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।

बसों की पार्किंग हेतु नगर निगम द्वारा स्थान चिन्हित कर पार्किंग विकसित की जाये तथा पार्किंग करने वालो से निर्धारित किराया वसूल किया जाये ।शहर में बनायी गयी पार्किंग का शतप्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराया जाये। पार्किंग के आस-पास अभियान चलाकर अवैध पार्किंग करने वालो के विरूद्व कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। आटो/ई-रिक्शा हेतु पिक एण्ड ड्राप प्वाइन्ट चौराहों से 100 मी0 दूर चिन्हित किये जाये और इसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये कि वो निर्धारित प्वाइन्ट से ही सवारी पिक एण्ड ड्राप करें। जिस प्वाइन्ट पर अतिक्रमण हटाया जाये वंहा पर स्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये जिससे दोवारा वंहा पर अतिक्रमण न हो। चौराहो पर स्थान बनाकर स्लिप रोड विकसित कर फ्री लेफ्ट टर्न बनाया जाये।




# युवाओं को स्वदेशी जागरण मंच दिलायेगा रोजगार

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।भारत में अब कोई भी युवा बेरोजगार नही रहेगा सभी युवाओं को स्वदेशी जागरण मंच रोजगार दिलाने का काम करेगा। स्वदेशी जागरण मंच समूचे भारत के 756 जिलों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार देगा ।स्वदेशी जागरण मंच के युवा प्रांतीय प्रमुख ने बताया की स्वदेशी जागरण मंच राष्टीय स्वंम सेवा संघ का प्रमुख संगठन है ।और अभी राष्टीय परिषद की कन्या कुमारी में बैठक हुई थी जिसमे यह निर्णय लिया गया था की इस बार युवा दिवस के मौके पर जैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युवाओं के लिए काम करता हुआ आ रहा है वैसे ही बार स्वदेशी जागरण मंच की सभी 756 जिलों में इकाई है ।और आज से कानपुर में राष्टीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा की क्योंकि युवाओं के पास रोजगार होगा तो युवा शक्ति सशक्त बनेगी तभी देश का विकास और मजबूती हो पाएगी जिसके लिए कानपुर में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान की टोली निकाल कर कानपुर में जिला रोजगार संघ बनाया जाए जिससे कोई भी युवा कोई रोजगार योजना लेकर आता है तो उसको रोजगार का औसत मिल सके।




# कामता सेवा संस्थान के 16 वें दिवस में विकसित भारत पर डाला गया प्रकाश

## महापौर समेत माननीयों का मोमेंटो अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्वामी विवेकानन्द को सनातन धर्म के महानतम ध्वाजावाहक कहनान सर्वथा उचित होगा। स्वामी जी ने अपने ओजपूर्ण उद्बोधन से पूरी दुनिया को सनातन धर्म की महत्ता का एहसास करा दिया था ।यह विचार युवा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प0 सत्यदेव पचौरी द्वारा प्रकट किये गये।

कामता सेवा संस्थान के 16वें आयोजन युवा दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षाविद् डॉ0 नरेन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में मर्चेन्ट चेम्बर हॉल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर में स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व एवं गरिमामय कृतित्व पर सारगर्भित चर्चा का आयोजन किया गया। पूर्व न्यायाधीश डॉ0 आर0एन0 सिंह तथा नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रमिला पाण्डेय ने संयुक्त रूप से स्वामी जी को विश्व पटल पर रिद्धि-सिद्धि व समृद्धि का पर्याय बताया तथा हिन्दू अस्मिता के रक्षार्थ भारतीय जनमानस को जागृत किया था ।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पं0 अवध बिहारी मिश्र ने भारत के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डालते हुए द्वापर व त्रेता युगों के विकसित भारत पर प्रकाश डाला। इसी श्रृंखला में वक्ताओं ने बताया कि स्वामी जी ने अपने अल्प जीवनकाल में धर्म के अलावा दर्शन पर उल्लेखनीय ज्ञान अर्जित करते हुए कर्मयोग की शिक्षा प्रदान की जो एक दीपशिखा की भांति अनंतकाल तक इस शस्य श्यामला भूमि पर पुष्पित व पल्लवित करती रहेगी ।संगोष्ठी का संचालन संस्थान के संस्थापक अनूप किशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार बालचन्द्र मिश्र, विधायिका नीलिमा कटियार, विधायक महेश त्रिवेदी, एम0एल0सी0 अरूण पाठक, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा सुरेश अवस्थी, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता पं0 वीरेन्द्र दुबे तथा प्रान्तीय अध्यक्ष ओम नारायण त्रिपाठी आदि ने अपने विचार प्रकट किये। अतिथिजनों का आभार ज्ञापन संस्थान की महामंत्री श्रीमती मंजू त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा आयोजन के संपादन में डॉ0 अरूण प्रकाश द्विवेदी, राहुल दीक्षित, सौरभ तिवारी, अंजू, कमला दिवाकर, जावेद गोंडवी तथा मीडिया प्रभारी धीरज पाण्डेय की उल्लेखनीय भूमिका रही। डा0विवेक द्विवेदी, पं बाल चन्द्र मिश्रा (पूर्व मंत्री), महेष मिश्रा (कानापुल) ये अवधेश अवस्थी, डा. विजया तिवारी, मंत्री भाजपा महिला गोचर्चा. राजा भरत अवस्थी, बी0 एल0 गुलबिया, वेद प्रकाश सचान, पुष्कर दीक्षित रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय में आज से शुरू होगा 6 दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीकी पर प्रशिक्षण

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में विश्व विद्यालय स्थिति मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 20 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस.के.विश्वास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए उत्तम अवसर है। डॉ विश्वास ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं ।उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग ( प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे ।डॉ विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रुपया 1000/- पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पास पोर्ट साइज फोटो देनी होगी।

# हिन्द मजदूर सभा कानपुर मंडल की बैठक बिजली घर लाइब्रेरी मे हुई संपन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर। हिन्द मजदूर सभा कानपुर मंडल द्वारा पीपीएन मार्केट स्थित हिन्द मजदूर सभा कार्यालय लाइब्रेरी हाल परेड बिजली घर कानपुर मे मडंल अध्यक्ष तारिणी कुमार पासवान की अध्यक्षता में हिन्द मजदूर सभा के प्रांतीय महामंत्री भाग उमाशंकर मिश्रा की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मंडल महामंत्री योगेश ठाकुर ने प्रान्तीय महामंत्री का स्वागत किया। उसके बाद हिन्द मजदूर सभा के राष्टीय 34 वा निवार्षिक अधिवेशन 3 व 4 जनवरी 2024 को नागपुर में सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी लोगो को बधाई दी तथा नागपुर के राष्टीय अधिवेशन में राष्टीय महामंत्री श्री हरभजन सिंह द्वारा पारित प्रस्ताव 10 राष्टीय फेडरेशन व दूरे भारत वर्ष के किसान यूनियनो को पूरे भारत बंद करने को लेकर 16 फरवरी पर चर्चा हुई इसके बाद यूनियन से सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन के राष्टीय महामंत्री खाद्य निगम अभिक संगठन के राष्टीय महामंत्री व हिन्दू मजदूर सभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष तारणी कुमार पासवान ने कहा कि उपरजिस्ट्रार द्वारा उनके संगठन की मान्यता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया था उसके बाद उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा उस आदेश को निरस्त कर दिया गया है। उपरजिस्ट्रार के उन लोगो को जो यूनियन के प्राथमिक सदस्य तक नहीं है, उन्हें गलत तरीके से मान्यता देने का काम किया था इस सभा में प्रान्तीय महामंत्री उमाशंकर मिश्रा ने ओपीएस को लागू करन तथा 4 श्रमिक कानून कोड को खत्म करने के लिए पूरे भारत वर्ष के किसान यूनियनों के साथ मिलकर दि0 16 फरवरी को पूरे भारत बंद करने का आह्वाहन किया। इसके लिए पूरे प्रदेशमे जनजागरण का कार्यक्रम चलता रहेगा । इसके अलावा उन्होंने कहा कि कानपुर के उप-रजिस्ट्रार द्वारा भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन के महामंत्री तारिणी कुमार पासवान के साथ की गई अनियमितता के सम्बन्ध में 30 उ. प्र के मुख्यमंत्री से वार्ताकर इन्क्वारी गठित करा दिया गया है जो चल रही है स्वागत वरिष्ठ पदाधिकारी मो. रफीक अहमद एवं आभार छविलाल यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर गणमान्य लोग रघुवीर सिंह, वी0 के0 यादव, रामाशंकर मिश्रा, रामभरोसे, रमाशंकर कैलास पासवान, विनोद उर्फ पप्पू, जनन्नाथ, जितेश कुमार, भोला पासवान, आदि लोगो उपस्थिति रही।

# नवयुवकों हेतु कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गाय के गोबर से बनाए गए दीपक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग द्वारा राष्टीय कृषि विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत गाय के गोबर का प्रयोग कर नवयुवकों को दीपक बनाना सिखाया गया। इस कार्यक्रम में पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश ने छात्रों को गाय के गोबर से बनाए जाने वाले विभिन्न वस्तुएं जैसे दीपक, मूर्ति,लकड़ी आदि के बारे में विशेष जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह यादव, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर बृज पाल यादव एवं छात्र सूरज कुमार, योगेंद्र यादव, सत्यम पाल, सचिन, देवेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# नवमतदाता सम्मेलन कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष ने क्षेत्रीय कार्यालय में की बैठक

## युवा मोर्चा का कार्यकर्ता नव मतदाताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें: पंकज सिंह

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नवमतदाता सम्मेलन कार्ययोजना बैठक के संबंध में भाजयुमो की शनिवार को क्षेत्रीय मुख्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन कर प्रारम्भ किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रभारी विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल उपस्थित रहे ।पंकज सिंह नें कार्ययोजना की बैठक में कहा कि भारत एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां वोट की शक्ति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति व्यक्ति की भावना और आकांक्षा को व्यक्त करता है। युवा मोर्चा का कार्यकर्ता नव मतदाताओं के पास जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें ।प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने कहा 25 जनवरी को प्रत्येक विधानसभा में दो-दो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है नव मतदाताओं तक पहुंचने के लिए अभियान के हिस्से के रूप में युवा मोर्चा टीम मौजूदा समय में कॉलेज परिसरों, कोचिंग सेंटरों, स्टेडियमों, खेल के मैदानों और अन्य क्षेत्रों में जा-जाकर उनसे संपर्क जुटा रही है. जिसके लिए नव मतदाताओं पंजीकरण ऑनलाइन पंजीकरण करा कर उनसे अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुनील साहू ने कहा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के समस्त 17 जिलों में कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी नव मतदाताओं सम्मेलनों को सफल करने का कार्य किया जाएगा युवा मोर्चा मतदाताओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी देगी और उन्हें सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए जाने वाले कामों को बताएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश के उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा, शिव वीर सिंह भदोरिया, प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, अरविंद राज त्रिपाठी भाजपा क्षेत्रीय पदाधिकारी, पूनम द्विवेदी, संत विलास शिवहरे, क्षेत्र से युवा मोर्चा प्रभारी सुनील तिवारी, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, युवा मोर्चा क्षेत्र से अमित बाथम, प्रशांत द्विवेदी, ओम बिहारी भार्गव, शिवेंद्र सिंह शिवा, रामप्रसाद सोनी, सुभाष यादव सुमित सिंह, खेमराज शर्मा, मनीष बाजपेई, उमेश लोहिया, शिखा मिश्रा, बुंदेलखंड जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा, प्रवेश कटियार, रविंद्र चौहान, संदीप तिवारी, आकाश त्रिपाठी, लकी त्रिपाठी, अमित जादौन, नीहल संज्ञा, मोनू सेंगर समस्त जिला अध्यक्ष गण उपस्थित रहे ।



# जेसीपी से एक बुजुर्ग महिला ने रो रो कर बेटे और बहू से बचाने की लगाई गुहार

## भरभराई आवाज के साथ शकुंतला यादव ने पीड़ा ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी को सुनाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।अपने इकलौते बेटे और बहू परेशान होकर एवं बिठूर पुलिस की लचर कार्रवाई से असंतुष्ट हिंदूपुर बिठूर में रहने वाली 75 वर्षीय शकुंतला यादव को चलने में दिक्कत, आंखों से कम दिखता है मगर आंसुओं की लकीर चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। वह कहती हैं इकलौता बेटा बहू खून के प्यासे हैं मारते पीटते हैं व गंदी गालियां बकते हैं कभी खाना नहीं देते ना कोई मदद करते हैं। बिजली व पानी बंद कर देते हैं। अंधेरे में रहना पड़ता है। घर कब्जाना चाहते हैं पौत्र एवं पौत्री माता-पिता के साथ दादी पर हाथ उठाने में नहीं हिचकते ।भरभराई आवाज के साथ शकुंतला यादव ने पीड़ा ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी को सुनाई ।जेसीपी ने बिठूर इंस्पेक्टर को फोन कर वृद्धा की मदद करने के निर्देश दिए। शकुंतला बताती हैं बहुत समय पहले पति चंद्रभाल का निधन हो चुका है। उन्होंने मजदूरी कर बेटे को पाल पोसा। बेटे की शादी की। 17 साल पहले बेटा और बहू अपने हिस्से की जमीन बेचकर सारा पैसा लेकर कहीं चले गए थे। पिछले साल दोनों तीन बेटी और एक बेटे के साथ घर लौट आए। घर पर शकुंतला नहीं थी रिश्तेदार के घर गई थी ? उन लोगों ने ताला तोड़कर जबरदस्ती घर में कब्जा कर लिया। उन्हें गाली गलौज कर घर से निकाल दिया। पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद घर में रहने को मिला। लेकिन परेशान बहुत करने लगे। कभी बिजली काट देते हैं कभी पानी बंद कर देते हैं भूखा, प्यास छोड़ दिया जाता। अलमारी से 47000 नगद और सोने के गहने गायब कर दिए। जान लेने का प्रयास किया, गर्दन पड़कर जबरदस्ती कीट नाशक पिला दिया। पड़ोसियों ने समय रहते देख लिया और अस्पताल पहुंचाया तब जान बच सकी। बेटा शराबी है शराब की लत में सब कुछ बेच चुका है। यह घर भी बेचना चाहता है ।बहु बदचलन है। परसों भी लोहे की राड से मारपीट करने की कोशिश दोनों ने की। नाती आता है बचाने को उसे जान से मारने की एवं फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी दोनों ने।



बिठूर इंस्पेक्टर को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथी यह भी सुनिश्चित करने को कहा है। इस उम्र में पीड़िता को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# श्रीराम अकादमी के द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप लगाया गया कैंप

बीपीएस न्यूज

कानपुर । श्रीराम एकेडमी बर्रा के द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कर्रही स्थित अकादमी में किया गया कैंप में प्रिया हॉस्पिटल से आए डॉक्टरो के द्वारा निशुल्क कैम्प में छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई।

डायरेक्टर रामजी शुक्ला ने बताया कि विगत 12 वर्षों से अकादमी के छात्र विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं अकादमी निरंतर छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है डायरेक्टर रामजी शुक्ला के मुताबिक पुलिस के एग्जाम के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया है जिसमें उनका वजन हाइट बीपी इत्यादि जांचों का चेकअप डॉ अनुज वर्मा डॉक्टर सानिया जयचंद पाल विजय साहू आकाश अश्वनी स्वाति सचान के द्वारा किया गया कैंप में करीब तीन सौ छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। तथा कैम्प का आयोजन लगातार तीन दिनों तक किया जाएगा।

कैंप आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को एग्जाम के पहले से ही कमियों का सुधार कराना है।

कैंप में मौसम संबंधी बीमारियों से बचाव हेतु सुझाव दिए गए। अकादमी पुलिस तथा पुलिस एसआई के लिए अलग से बैच बनाकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है अकादमी के द्वारा अभी तक करीब 80 सबइंस्पेक्टर तथा तकरीबन 800 कांस्टेबल का सेलेक्शन कराया गया है। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे इस मौके पर मुख्य रूप से रामजी शुक्ला श्यामजी शुक्ला आशुतोष पांडे प्रकाश मिश्रा सुजीत उत्तम सुमित द्विवेदी उपेंद्र मिश्रा समेत काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



# प्रीडिक्टिव पुलिसिंग पर डीजीपी की वीडियो काफ्रेसिंग

कानपुर। प्रीडिक्टिव पुलिसिंग और क्राइम एनालिटिक्स पर पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने यूपी 112 वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रीडिक्टिव पुलिसिंग और क्राइम एनालिटिक्स पोर्टल की उपयोगिता एवं प्रयोग करनें के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गौरतलब है कि शहर में कमिश्नरेट पुलिस प्रणाली लागू होने के बाद तत्कालीन पुलिस आयुक्त असीम अरुण ने आईआईटी कानपुर के समन्वय से प्रीडिक्टिव पुलिसिंग की शुरुआत की थी। प्रयोग के तौर कल्यानपुर सर्किल को शामिल किया गया था।

# राम जन्मभूमि के संघर्षों पर आधारित फिल्म '695' में नज़र आएंगे अभिनेता अरुण गोविल

अयोध्या के राम जन्मभूमि का मुद्दा भारत के इतिहास के सबसे विवादित मुद्दों में से एक रहा है। विवादित ढांचा ध्वस्त होने से लेकर राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के कालखंड में घटित घटनाओं को केंद्रबिंदु बनाकर राजनीतिक विसात भी बिछाई जाती रही आगे भी यह सिलसिला राष्ट्रीय स्तर पर जारी रहेगा। ऐसे में राम जन्मभूमि से जुड़ी फिल्म '695' का निर्माण किया जाना काबिलेतारीफ है। निर्माता श्याम चावला के नेतृत्व में शदाणी फिल्म्स के बैनर तले बॉलीवुड के चर्चित

निर्देशक रजनीश बेरी के निर्देशन में निर्मित इस फिल्म को एक ऐतिहासिक सिनेमेटिक प्रयास की संज्ञा दी जा सकती है। दूरदर्शन के चर्चित धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका से प्रसिद्धि पाने वाले अभिनेता अरुण गोविल एक बार फिर भगवान राम जन्मभूमि से जुड़ी इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म '695' के निर्माताओं के अनुसार यह एक वास्तविक जीवन पर आधारित ड्रामा फिल्म है। जिसमें राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है। इस फिल्म के माध्यम से फिल्म के टाइटल को कथानक के माध्यम से परिभाषित करते हुए

6 दिसम्बर 1992 को ढांचा विध्वंस हुआ, 9 नवम्बर 2019 को न्यायालय का फैसला आया और 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर का शिलन्यास हुआ। इस फिल्म के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यही है कि राम भक्तों के द्वारा इस गौरवशाली अतीत को भुलाया ना जा सके। फिल्म का शीर्षक इन्हीं घटनाओं की तिथियों पर आधारित है। इस फिल्म में अभिनेता अरुण गोविल एक ऐसे साधु की भूमिका में देखने को मिलेंगे जिसने अपना पूरा जीवन राम और राम मंदिर के बनने का इंतजार ने बिता दिया। यह साधु शांति के मार्ग पर चल कर मंदिर निर्माण चाहता है। यह फिल्म अरुण गोविल, अशोक समर्थ, मुकेश तिवारी, गोविंद नामदेव, अखिलेंद्र मिश्रा, गजेंद्र चौहान मनोज जोशी, के. के. रैना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, दयशंकर पांडेय, विकाश महंते, सुशीलाजीत साहनी (70द्वद्व) और गरिमा अग्रवाल के साथ एक संगीत समृद्धियुक्त कास्ट क्रेडिट्स के साथ सिनेदर्शकों तक बहुत जल्द ही पहुँचने वाली है। बकौल अभिनेता अरुण गोविल इस अमर कथा को आत्मसात करना एक सम्मान है जो लाखों दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। '695' बस एक फिल्म नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और श्रद्धा की जीत का उत्सव है।

**प्रस्तुतिः काली दास पाण्डेय**



# साधुओं के दर्शन हों तो उनके श्रीचरणों को धोकर पी लेना चाहिए



अगर साधु के दर्शन प्राप्त हो जायें, तो यह दुर्लभ संयोग का लाभ ही यह है, कि हम उनके श्रीचरणों को धो-धो कर पी लें। हालाँकि संपूर्ण जगत में जब भी किसी ने स्नान करना होता है, तो वह पानी से ही करते हैं और तन पर लगी धूल को साफ कर लेते हैं।संसार में अगर आपको किसी की प्रशंसा करनी पड़े, तो आप उन्हीं की प्रशंसा करेंगे, जिन्हें आप दिल से चाहते हैं। लेकिन जब भगवान शंकर से पूछा गया, कि आप संसार में सबसे अधिक किसे प्रेम करते हैं, तो उन्होंने कहा, कि मुझे संत प्रिय हैं। मैं उन्हीं की वंदना करता हूँ-

भोलेनाथ बोले, कि हे भवानी! मैं संतों के श्रीचरणों की वंदना करता हूँ। क्योंकि उनका चित समता से सराबोर होता है। उनके लिए ना ही तो कोई शत्रु होता है, और न ही कोई मित्र। वे सभी से समान रूप से ही व्यावहार करते हैं। जैसे अंजलि में रखे हुए सुंदर फूल, उन दोनों को ही सुगंधित करते हैं, जिन्होंने उन्हें डाली से तोड़ा हो, या फिर जिन्होंने उन्हें प्यार से अपनी अंजलि में रखा हो। संसार में ऐसा कौन होगा, जो ऐसी अभूतपूर्व क्षमता का धनी होगा? यह चरित्र संसार की बड़ी से बड़ी पाठशाला में भी नहीं सिखाया जा सकता। लेकिन सामान्य से भी सामान्य से दिखने वाले संत, इस दुर्लभ गुण के सहज ही स्वामी होते हैं।किसी ने गोस्वामी जी से भी पूछ लिया, कि जितनी महिमा आप भी संतों की गाते हैं, क्या त्रिदेव भी उतनी ही महिमा गाते हैं? गोस्वामी जी इसका ऊत्तर बड़ी बेबाकी से देते हगोस्वामी जी कहते हैं, कि मैं भी कहाँ संतों की महिमा गा पाता हूँ। मुझे तो छोड़िए, मैं तो एक क्षुद्र सी बुद्धि का स्वामी हूँ। ब्रह्मा, विष्णु, शंकर, कवि और पंडित भी संतों की महिमा गाने बैठें, तो वे भी संतों के गुण नहीं गा सकते। वे तो उल्टा लज्जा जाते हैं। जब इतनी बड़ी-बड़ी हस्तियां संतों के गुण नहीं गा पा रही हैं, तो मेरी भला क्या बिसात है। अगर मैं संतों की महिमा गाऊँ भी, तो यह ऐसा होगा, जैसे साग तरकारी बेचने वाले से, मणियों के गुण नहीं कहे जाते।अगर साधु के दर्शन प्राप्त हो जायें, तो यह दुर्लभ संयोग का लाभ ही यह है, कि हम उनके श्रीचरणों को धो-धो कर पी लें। हालाँकि संपूर्ण जगत में जब भी किसी ने स्नान करना होता है, तो वह पानी से ही करते हैं और तन पर लगी धूल को साफ कर लेते हैं। लेकिन जब आपको संतों का सान्निध्य प्राप्त हो, तो आपको पानी से स्नान नहीं करना होता, अपितु संतों की चरण धूली से ही स्नान करना होता है। संत जहाँ भी बैठ जाते हैं, तो वहाँ आस पास का वातावरण भी स्वत: ही पवित्र हो जाता है। वह वातावरण ऐसा होता है, कि उसमें अगर कोई पापी व दुष्ट व्यक्ति भी जाये और वहाँ लगातार संग करे, तो अगर वह सर्प की प्रवृति का भी होगा, तो निश्चित है, कि वो फूलों का हार बन जायेगा।भक्त प्रह्लाद इसका सबसे ठोस उदाहरण है। प्रहलाद वैसे था तो राक्षसराज हिरण्यकश्यपु का ही पुत्र। लेकिन अवगुणों को धारण करने के संबंध में, वह बिलकुल भी अपने पिता पर नहीं गया। कारण कि भक्त प्रह्लाद का जन्म ही नारद मुनि के आश्रम में हुआ। जिस कारण भक्त प्रह्लाद ने, भले ही बाद में अपने पिता का ही अनुसरण करना हो, लेकिन नारद जी के पावन सानिध्य ने भक्त प्रहलाद की वृति राक्षसी होने ही नहीं दी। इसलिए जीवन में अगर कभी भी पूरे संतों का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो, तो उसे कभी भी नहीं टालना चाहिए।यहाँ एक प्रश्न उठना स्वाभाविक हो सकता है, कि क्या आज के समय में भी वैसे ही महान संत विद्यमान हैं, जैसे कि सतयुग में थे? कारण कि जैसे कालनेमि या रावण भी संत वेष बनाकर, अनाचार करने का प्रयास कर चुके

# रामायण के लक्ष्मण हुए गदगद, रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मिला न्योता

## रामानंद सागर को किया धन्यवाद



22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ हो गया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस भव्य कायर्क्रम में बतौर मुज़्य अतिथि शामिल होने वाले हैं. इस कार्यक्रम के लिए कई दलों के नेताओं से साथ बॉलीवुड और साउथ के कई कलाकारों को न्योता गया है. रामानंद सागर की 'रामायण' में राम और सीता का किरदार निभाने वाले दीपिका चिखलिया और अरुण गोविल को पहले ही न्योता मिल चुका है, लेकिन शो में 'लक्ष्मण' की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी इस बात से खफा थे कि उन्हें इस पल का साक्षी होने के लिए न्योता नहीं मिला. लेकिन, भव्य कार्यक्रम से पहले उन्हें न्योता मिल गया है.राम मंदिर जन्मभूमि कार्यक्रम के लिए राजनेताओं के अलावा, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अमिताभ बच्चन, दीपिका चिखलिया, कंगना रनौत, अक्षय कुमार, रणदीप हुडा और अन्य जैसे बड़े सितारों को आमंत्रित किया गया है. रामानंद सागर की 'रामायण' के 'लक्ष्मण' कुछ वक्त पहले तक खफा थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी नाराजगी को दूर कर लिया है.दरअसल, न्योता न मिलने पर हाल ही में सुनील लहरी ने निराशा जाहिर की थी, लेकिन अब आखिरकार उन्हें न्योता मिल गया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए अपनी खुशी जाहिर की. उन्होंने भगवान और अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने प्रार्थना की कि उन्हें निमंत्रण मिलेगा और अब उन्हें निमंत्रण मिल गया है.उन्होंने राम मंदिर समिति को धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है और किसी को दोबारा मौका नहीं मिलेगा. उन्होंने रामानंद सागर को शो में 'लक्ष्मण' का किरदार निभाने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद

# गंगासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

गंगासागर में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है।

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

# सचिन तेंदुलकर को मिला राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण





रामोत्सव 2024




भारत में इस वक्त सब तरफ राम लला के आने की शुभ खबर की गूंज रही है. अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण से देश में एक अलग ही उत्सव का माहौल है. मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा होने में अब कुछ दिन का ही वक्त बच गया है. 22 जनवरी को पूरा देश इस भव्य आयोजन का साक्षी बननेगा. राम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के लिए महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को भी निमंत्रण भेजा गया है.

22 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्ति में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भी शामिल होंगे. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सचिन जा सकते हैं.

सचिन तेंदुलकर को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया है. मास्टर ब्लास्टर की धर्म में आस्था से सभी वाकिफ हैं. हर साल वह गणपति पर घर पर मूर्ति बिठाते हैं और इसकी पूरी निष्ठा से परिवार के साथ पूरा करते हैं. आपको बता दें कि अयोध्या में तैयार किए जा रहे राम मंदिर के सबसे बड़े धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी, 2024 को किया जाना है.

## फायरिंग के बीच गुंबद पर वानर ने थाम ली ध्वजा, खून से लाल हो उठा सरयू का पानी



सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया और अयोध्या में राम मंदिर बन गया। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। राम मंदिर की बस इतनी सी कहानी नहीं है। इस राम मंदिर की नींव में चांदी की ईंट रखी गई तो हमें ये नहीं भूलना चाहिए कि उसकी नींव में सैकड़ों कारसेवकों के रक्त की बंदे भी शामिल हैं। वो रक्त जो उन्होंने इस मंदिर के लिए अपने रामलला के लिए चढ़ाया था। कार सेवकों ने 2 नवंबर 1990 के दिन राम मंदिर के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। अयोध्या सीरिज के पहले, दूसरे और तीसरे भाग में हमने आपको 1949 में रामलला के प्रकट होने और तब के प्रधानमंत्री नेहरू व फैजाबाद के डीएम केके नायर के बीच मूर्ति हटाने को लेकर हुए टकराव की कहानी व कोर्ट के आदेश के बाद राजीव गांधी द्वारा ताला खुलावाने व राम मंदिर विवाद सुलझाने के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के प्लान की कहानी बताई। अब आपको कारसेवकों पर गोली चलवा कर सपा नेता के मुल्ला मुलायम बनने की कहानी बताते हैं।

2 नवंबर 1990 के दिन ज़्या हुआ था। ये कहानी शुरू होती है जो दिन पहले 30 अज़्टूबर 1990 से जब हिंदू संगठनों ने अयोध्या में कारसेवा का ऐलान किया था। इससे पहले 23 अज़्टूबर को लाल कृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा रोककर उन्हें गिरज़्तार कर लिया गया था। लेकिन इससे कारसेवकों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई थी। लाखों की तादाद में कारसेवक अयोध्या पहुंच रहे थे। वहीं यूपी के तत्कालीन मुज़्यमंत्री मुलायम सिंह ने ऐलान किया था कि बाबरी मस्जिद पर परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। इसी तनाव के बीच अयोध्या में 30 अज़्टूबर का सूरज उगता है। पूरे अयोध्या में कर्फ़्यू लगा हुआ था। पुलिस ने विवादित ढांचे के डेढ़ किलोमीटर के दायरे में बैरिकेटिंग कर दी थी। लेकिन तब भी हजारों कार सेवक हनुमान गढ़ी पहुंच गए। जो बाबरी ढांचे के एक दम करीब था। मुलायम सिंह यादव का फरमान था कि किसी भी कीमत पर बाबरी मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। एक सरकारी बस को साधु लेकर ड्राइव करने लगा वो पहले ड्राइवर था। वो ड्राइव करता हुआ सारी बैरिकेडिंग को लेते हुए राम जन्मभूमि तक पहुंच गया। जहां कहा जाता था कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता वहां भगवा ध्वज फहरा दिया। कहा जाता है कि फायरिंग करने के बाद जब वहां कोई नहीं था तो हनुमान जी के प्रतीक माने जाने वाले वानर के ध्वजा को पकड़कर बैठने की एक बेहद ही दिलचस्प तस्वीर ने तब खूब सुर्खियां बटोरी थी। पुलिस पहले तो लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ती रही। कारसेवकों की भीड़ बेकाबू हो गई थी। पहली बार 30 अज़्टबूर, 1990 को कारसेवकों पर चली गोलियों में 5 लोगों की मौत हुई थीं। इस गोलीकांड के दो दिनों बाद ही 2 नवंबर को हजारों कारसेवक हनुमान गढ़ी के करीब पहुंच गए, जो बाबरी मस्जिद के बिल्कुल करीब था। प्रशासन उन्हें रोकने की कोशिश कर रहा था, लेकिन 30 अज़्टूबर को मारे गए कारसेवकों के चलते लोग गुस्से से भरे थे। हनुमान गढ़ी के सामने लाल कोठी के सकरी गली में कारसेवक बढ़े चले आ रहे थे। पुलिस ने सामने से आ रहे कारसेवकों पर फायरिंग कर दी, जिसमें करीब ढेड़ दर्जन लोगों की मौत हो गई। ये सरकारी आंकड़ा है।

## अयोध्या गोलीकांड: जब शहर में लगा था कर्फ्यू हर मोहल्ले से हुई थी गिरफ्तारी उस वक्त को भूल न पाएंगे लोग

मेरठ। लालकृष्ण आडवाणी की अध्यक्षता में निकाली गई श्रीराम रथ यात्रा के बाद अयोध्या में 30 अक्तूबर 1990 से दो नवंबर 1990 के बीच गोलीकांड हुआ। घटना का वीडियो बनाया गया। वीडियो में पुलिस निहत्थे कारसेवकों को घरों से खींच-खींचकर निकाल रही थी। हर घर में यह वीडियो कैसेट चलाई गई।इसके बाद हर बच्चे, युवा और बुजुर्ग में आक्रोश पनप गया। सैकड़ों लोगों ने राम मंदिर आंदोलन में शामिल होने की शपथ ली। मेरठ में विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी, यात्राएं निकालीं गईं। पुलिस ने सैकड़ों कारसेवकों को गिरफ्तार भी किया।संयुक्त व्यापार संघ के संरक्षक अरुण वशिष्ठ ने बताया कि 1990 से 1992 के बीच उन्हें दो बार गिरफ्तार किया गया। उस वक्त मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे। हर सक्रिय भाजपाई,



आरआरएस और विहिप के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की गई। उनके अतिरिक्त विजय कर्णवाल, कैप्टन देवरथ, कुलवंत सिंह, जतन स्वरूप, कृष्ण अवतार रस्तौगी की भी गिरफ्तारी हुई।

कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या गोलीकांड के समय वह भाजपा महानगर महामंत्री थे। मेरठ से लगातार जत्थे अयोध्या के लिए रवाना हो रहे थे। लाला का बाजार में वह रह रहे थे। घरों में अयोध्या गोलीकांड की वीसीआर पर पिक्चर दिखाई गई। शहर में विभिन्न जगह बैठक हुई। इससे पूर्व रथ यात्रा में भी सक्रिय रहे।हर हिंदू ने सुनी थी साध्वी ऋतंभरा की ऑडियो

संयुक्त व्यापार संघ मंत्री संजीव जिंदल ने बताया कि कंकरखेड़ा से भी काफी संख्या में कारसेवक राम मंदिर आंदोलन में शामिल होने के लिए गए। विजय त्रिपाठी, सुरेश मल्होत्रा, मुकेश कुमार सहित कई कारसेवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शामली जेल में रखा। बाजार में लगातार प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। घर-घर में साध्वी ऋतंभरा की ऑडियो बज रही थी।

## जय श्री राम' के पोस्टर को लेकर मुस्लिम दुकानदार को परेशान करने का वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मामला

देहरादून में 'जय श्री राम' के पोस्टर को लेकर एक हिंदू समूह के नेता और उसके सहयोगियों द्वारा एक मुस्लिम दुकान प्रबंधक को परेशान करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ घंटों बाद, पुलिस ने हिंदू समूह के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया। ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल आशीष असवाल से शिकायत मिलने के बाद, देहरादून पुलिस ने हिंदू समूह की नेता राधा धोनी और अन्य के खिलाफ धारा 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295 ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, अपमान करने का इरादा) किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाएँ, और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 502 (सार्वजनिक शरारत पैदा




करने वाले बयान) के तहत एफआईआर दर्ज की है।शिकायत के अनुसार, एक हिंदू व्यक्ति, राकेश बोराई की आईएसबीटी हरिद्वार रोड पर स्थित अमन जनरल स्टोर नामक दुकान थी। बोराई ने अपनी दुकान रायपुर, देहरादून निवासी गिरीश को किराए पर दी थी, जिसने इसे प्रबंधित करने के लिए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के शाहनवाज को काम पर रखा था। अपनी दुकान किराए पर देते समय, बोराई ने किरायेदार गिरीश से दुकान की पहचान, मॉडल में बदलाव न करने या किसी भी वस्तु को न हटाने के लिए कहा, ताकि स्वामित्व बरकरार रहे।9 जनवरी को राधा धोनी और उनके सहयोगियों ने दुकान का दौरा किया और जय श्री राम के पोस्टर से संबंधित नाम और पोस्टर पर आपत्ति जताई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। उन्होंने जबरन बोर्ड और पोस्टर हटा दिए और अब इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना से दोनों समुदायों के बीच तनाव पैदा हो गया।



# बुंदेलखंड के गौरव से परिचित कराएगी योगी सरकार

**योगी सरकार कराने जा रही 16 दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन 23 जनवरी से शुरू होगा महोत्सव, 18 फरवरी तक चलेगा बुंदेलखंड के सातों जिलों में होगा आयोजन, हैरिटेज वॉक समेत विभिन्न इवेंट का लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक**

बीपीएस न्यूज

लखनऊ। पिछली सरकारों में उपेक्षा का शिकार रहे वीरों की धरती बुंदेलखंड योगी सरकार में विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। यही नहीं योगी सरकार बुंदेलखंड के पुराने अस्तित्व और वैभव को पुन-स्थापित करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में योगी सरकार बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास से लोगों को रूबरू कराने के लिए 16 दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन 23 जनवरी से शुरू होकर 18 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव का आयोजन बुंदेलखंड के 7 जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट और बांदा में होगा। महोत्सव में पर्यटकों को हैरिटेज वॉक, हॉट एयर बैलून, वॉटर स्पोर्ट्स और बांदा के कलिंजर में भव्य टेंट सिटी का आनंद उठाने का अवसर मिलेगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुज़्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक इमारतों और प्राकृतिक खूबसूरती से लोगों को रूबरू कराने के लिए महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पर्यटकों को यहां की अनगिनत गाथाएं, लोक कलाओं और खान-पान से दुनिया को रूबरू करने का प्रयास किया जाएगा।16 दिनों तक चलने वाले महोत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को झांसी और समापन 18 फरवरी को बांदा के कलिंजर फोर्ट में होगा। पर्यटक महोत्सव का आनंद झांसी में 23 से 25 जनवरी, ललितपुर में 28 से 29 जनवरी, जालौन में 1 से 2 फरवरी, हमीरपुर में 5 से 6 फरवरी, महोबा में 9 से 10 फरवरी, चित्रकूट में 13-14 फरवरी, बांदा में 16 से 18 फरवरी को उठा सकेंगे। महोत्सव में हैरिटेज वॉक मुज़्य आकर्षण का केंद्र होगी। बुंदेलखंड की वीरता का जिक्र आल्हा ऊदल की वीर गाथाओं के बिना भला कैसे पूरा हो सकता... बुंदेलखंड की ऐसी अनेकों वीर गाथाएं पर्यटकों को गौरव महोत्सव की वॉक में सुनने को मिलेंगी। इसकी शुरुआत झांसी से होगी। यहां लोगों को बरुआ सागर किले और रानी लक्ष्मीबाई के किले के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

## पर्यटक निः शुल्क हॉट एयर बैलून की कर सकेंगे सैर

महोत्सव में पर्यटकों को ललितपुर के देवगढ़ स्थित दशावतार मन्दिर के बारे में जानकारी दी जाएगी। बता दें कि गुप्त काल में बना देवगढ़ स्थित यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। हमीरपुर में आयोजित होने वाली हैरिटेज वॉक में सरीला किला और राम जानकी मंदिर का इतिहास और उसकी वास्तुकला के बारे में जानने का मौका मिलेगा। महोबा में हैरिटेज वॉक में रहेलिया सूर्य मंदिर का इतिहास पता चलेगा, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह कोर्णाक के सूर्य मंदिर से भी प्राचीन है। वहीं पर्यटक चित्रकूट में गणेश बाग और मड़फा का किला घूम सकते हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि वह ऋषि- मुनियों का प्रिय तपोवन रहा है। इसके अलावा बांदा स्थित कलिंजर किले का इतिहास भी वॉक के माध्यम से पर्यटक जान सकेंगे, जहां का नीलकंठ मंदिर प्रसिद्ध है। वहीं, पर्यटन विभाग पर्यटकों के लिए यहां पर शानदार टेंट सिटी भी लगवा रहा है। गौरव महोत्सव की शुरुआत ग्रीन फायरक्रेकर शो के साथ होगी। इसके बाद लोग निःशुल्क हॉट एयर बैलून की सैर और योग कर सकेंगे।

## वॉटर स्पोर्ट्स संग म्यूजिकल इवेंट्स का उठा सकेंगे लुत्फ

महोत्सव के दौरान 3 हॉट एयर बलून की व्यवस्था होगी, जिसपर एकबार में लगभग 15 लोग सैर कर सकेंगे। इतना ही नहीं विभाग द्वारा वेलनेस टूरिज्म को ध्यान में रखते हुए योग की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सांस्कृतिक संगीत के कार्यक्रम भी होंगे। पर्यटन विभाग ने महोत्सव में वॉटर स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखने वालों के लिए विशेष व्यवस्था की है। महोत्सव में पर्यटकों को बोट राइड से लेकर रिंगों राइड, ड्रैगन राइड, बनाना राइड और कायकिंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का अनुभव लेने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं झांसी के दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, ललितपुर में श्री कल्याण सिंह ऑडिटोरियम, जालौन में टाउन हॉल ऑडिटोरियम, हमीरपुर में पुलिस लाइन ग्राउंड, महोबा में मुक्ताकाशी मंच, कीरतसागर, चित्रकूट में रामायण मेला मैदान और बांदा में मेला ग्राउंड कलिंजर फोर्ट में ज़्यूजिकल इवेंट्स का आयोजन होगा। बुंदेलखंड महोत्सव में कलिंजर फोर्ट टेंट सिटी सबके आर्कषण का केंद्र होगी। वहीं पर्यटकों को लुभाने के लिए कलिंजर फोर्ट में टेंट सिटी बनायी जा रही है, जहां पर 5 स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी, जो आधुनिक व लग्जरी टेंट सिटी बुंदेलखंड के पर्यटन को नया आयाम देगी।

# राजस्थान के मंत्री बाबूलाल खराड़ी का बयान, खूब बच्चे पैदा करो, मकान प्रधानमंत्री मोदी देंगे

राजस्थान के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह करते हुए कहा है कि कोई समस्या नहीं होनी चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन सभी के लिए घर बनाएंगे। राज्य के आदिवासी क्षेत्र विकास मंत्री खराड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी भूखा और सिर पर छत के बिना नहीं सोयेगा। बाबूलाल खराड़ी के बयान को लेकर अब खूब चर्चा हो रही है। इसका भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बाबूलाल खराड़ी ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा या सिर पर छत के बिना न सोये। आप बच्चे पैदा करो, प्रधानमंत्री आपके घर बनाएंगे। कठिनाई क्या है? खराड़ी की दो पत्नियों से आठ बच्चे हैं ङ्क चार बेटे और इतनी ही बेटियाँ। पूरा परिवार उदयपुर की कोटड़ा तहसील से करीब तीन किलोमीटर दूर निचला थला गांव में रहता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जनजातीय क्षेत्र विकास मंत्री के साथ मंच साझा किया। उदयपुर के नाई गांव में विकित भारत संकल्प यात्रा शिविर के लिए मंच तैयार किया गया था।


खराड़ी ने जब यह बयान दिया तो दर्शक दीर्घा में मौजूद लोग हंस पड़े और मौके पर मौजूद जन प्रतिनिधि एक-दूसरे की ओर देखते नजर आए। खराड़ी ने लोगों से 2024 के लोकसभा चुनावों में फिर से पीएम मोदी को वोट देने का आग्रह किया क्योंकि उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र विभिन्न लोक कल्याण उपाय शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कटौती की है और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अब उज्ज्वला योजना के तहत लोगों को 450 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध करा रही है।

# अगर हम सरकार होते.. राम मंदिर कार्यक्रम पर शंकराचार्यों की टिप्पणी को लेकर आप ने क्या कहा?

दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने का चार शंकराचार्यों का निर्णय दुखद था और 'प्राण प्रतिष्ठा' (प्रतिष्ठा) पर उनकी राय का सम्मान किया जाना चाहिए था। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए भारद्वाज ने कहा कि अगर हम सरकार में होते तो मैं उनके पैरों पर गिरता कि उनके बिना समारोह कैसे हो सकता है। चारों शंकराचार्य कह रहे हैं कि मंदिर अधूरा है. इसलिए, ऐसे समय में 'प्राण प्रतिष्ठा' करना वेदों और सनातन धर्म के अनुरूप नहीं है। मुझे लगता है कि उनकी बातों का सम्मान किया जाना चाहिए. वे हिंदू धर्म में सर्वोच्च अधिकारी हैं।

रामलला की मूर्ति की 'प्राण प्रतिष्ठा' में शामिल नहीं होने के कांग्रेस के फैसले के बारे में पूछे जाने पर, भारद्वाज ने कहा कि यह सबसे पुरानी पार्टी के लिए एक आंतरिक मामला था। इससे पहले, आप सूत्रों ने कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को अभी तक राम मंदिर के उद्घाटन के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को कुछ दिन पहले एक पत्र मिला था जिसमें कहा गया था कि उन्हें अपनी तारीखें रोक लेनी चाहिए, साथ ही कहा गया है कि विवरण के साथ एक औपचारिक निमंत्रण दिया जाएगा। पीएम मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

# डॉक्टरों की लिखावट से भड़के हाईकोर्ट के जस्टिस, सरकार को सुनाया ये फरमान




मेडिको लीगल केस में डॉक्टर की लिखावट में कई राज्यों के हाईकोर्ट के उलझने के बाद अब ओडिशा हाईकोर्ट ने डॉक्टरों को साफ-साफ लिखने के निर्देश देकर कार्रवाई के लिए चेताया है. आपको बताते चलें कि एमएलसी से भी बड़ा मुद्दा डॉक्टरों के पर्चे यानी प्रिस्क्रिप्शन में लिखावट का है. आप लिखें खुदा बांचे की तर्ज पर लिखें इन प्रिस्क्रिप्शन से कई बार मरीजों की जान पर बन आती है. ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए ओडिशा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से एक सर्कुलर जारी करने का निर्देश दिया है जिसमें डॉक्टरों से सभी नुस्खे और मेडिको-लीगल रिपोर्ट की लिखावट में अगर संभव हो तो बड़े अक्षरों में या टाइप किए गए रूप में लिखने के लिए कहा जाए. ओडिशा हाईकोर्ट का ये निर्देश तब आया जब जस्टिस एस के पाणिग्रही को एक मामले का फैसला करना मुश्किल हो गया, क्योंकि याचिका में संलग्न पोस्टमार्टम रिपोर्ट ठीक से पढ़ी नहीं जा रही थी और समझ में नहीं आ रही थी. हाई कोर्ट के इस आदेश के मुताबिक सरकार के इस फैसले के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद भविष्य में किसी भी अदालत को ऐसे दस्तावेजों को पढ़ने में बेवजह की परेशानी और 'अनावश्यक थकावट' का सामना नहीं करना होगा. एक याचिकाकर्ता ने अदालत से गुहार लगाई थी कि सरकार को अनुग्रह राशि के लिए उसके ज्ञापन पर विचार करने का निर्देश दिया जाए क्योंकि उसके बड़े बेटे की सर्पदंश से मौत हो गई थी. भारत ही नहीं दुनिया के दूसरे मुल्कों में भी लोग डॉक्टरों की लिखावट से परेशान हैं. एशिया से लेकर अफ्रीका तक ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां अदालतों ने अपने फैसले में डॉक्टरों को पढ़ने लायक लिखावट में पर्चा लिखने का आदेश दिया है.

# बिलकिस बानो के बलात्कारियों की होगी जेल वापसी, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया गुजरात का आदेश

गुजरात सरकार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात में 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषी 11 लोगों को रिहा करने के राज्य के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने फैसला सुनाया कि गुजरात सरकार इस तरह का आदेश पारित करने के लिए पर्याप्त सक्षम नहीं थी और इस कदम को धोखाधड़ी वाला कृत्य करार दिया। जस्टिस बीवी नागरथाना और उज्जल भुइयां की पीठ ने फैसला सुनाया और दोषियों को दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने और जेल लौटने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि 11 दोषियों की जल्द रिहाई को चुनौती देने वाली बिलकिस बानो की याचिका वैध है। सुप्रीम कोर्ट ने भौतिक तथ्यों को दबाने के लिए दोषियों में से एक पर कड़ी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप अंततः शीर्ष अदालत ने मई 2022 में अपने आदेश में सभी 11 दोषियों को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा, महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाकर और भ्रामक तथ्य बनाकर, एक दोषी द्वारा गुजरात राज्य को सजा माफी पर विचार करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इस अदालत की ओर से सजा माफी पर विचार करने के लिए गुजरात सरकार को कोई निर्देश नहीं दिया गया था। यह एक धोखाधड़ी अधिनियम है।

पीठ ने कहा कि गुजरात सरकार को दोषियों की शीघ्र रिहाई पर आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है क्योंकि ऐसे आदेश पारित करने की हकदार सरकार महाराष्ट्र है, जहां मुकदमा हुआ, न कि गुजरात।

उन्होंने फैसला सुनाया। उस राज्य (महाराष्ट्र) की सरकार जहां अपराधी को सजा सुनाई गई थी, छूट देने के लिए उपयुक्त सरकार है, न कि उस राज्य (गुजरात) की सरकार जहां अपराध हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिनों की लंबी सुनवाई के बाद पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कार्यवाही के दौरान, केंद्र और गुजरात सरकार ने दोषियों की जल्द रिहाई से संबंधित मूल रिकॉर्ड प्रस्तुत किए।

समय से पहले रिहा किए गए 11 दोषी हैंङ्कजसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राध्येशम शाह, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहनिया, प्रदीप मोरधिया, बकाभाई वोहनिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चंदना। कारावास के दौरान उनकी उम्र और व्यवहार को ध्यान में रखते हुए, जेल में 15 साल पूरे करने के बाद, उन्हें 15 अगस्त, 2022 को रिहा कर दिया गया। बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच महीने की गर्भवती थीं, जब 3 मार्च, 2002 को गुजरात में गोधरा ट्रेन जलाने की घटना के बाद भड़के दंगों से भागते समय उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उनकी तीन साल की बेटी परिवार के सात सदस्यों में से एक थी।



गुजरात सरकार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात में 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषी 11 लोगों को रिहा करने के राज्य के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने फैसला सुनाया कि गुजरात सरकार इस तरह का आदेश पारित करने के लिए पर्याप्त सक्षम नहीं थी और इस कदम को धोखाधड़ी वाला कृत्य करार दिया।



# सीएम योगी ने अयोध्या को दी ईवी की सौगात

**लखनऊ।** अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ व टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है व भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है।

# एज़्सप्रेस रोड व्यापार मंडल मे रोशन गुप्ता अध्यक्ष,चेयरमैन श्याम मूलचंदानी,वरिष्ठ महामंत्री इखलाक मिर्जा किये गए मनोननीत



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।एक्सप्रेस रोड बाजार मे आल टाइम हाल मे एक्सप्रेस रोड व्यापार मंडल की हुई आम सभा मे सर्वसम्मति से मुख्य सरक्षक ज्ञानेश मिश्र के मार्गदर्शन व देखरेख मे एक्सप्रेस रोड व्यापार मंडल रोशन गुप्ता पुनः अध्यक्ष बनाये गए। सर्वसम्मति से हुए निर्णय के अनुसार भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री व एक्सप्रेस रोड व्यापार मंडल के सरक्षक ज्ञानेश मिश्र ने चेयरमैन के पद पर आल टाइम प्रोडक्ट के एम डी श्याम मूलचंदानी, वरिष्ठ महामंत्री के पद पर इखलाक मिर्जा, महामंत्री सचिन त्रिवेदी,कोषाध्यक्ष अनुराग साहू को सर्वसम्मति से मनोननीत किया ।साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सुनील मिश्र, नरेन्द्र ओमर व अनूप विश्नोई, उपाध्यक्ष के पद पर विशाल जायसवाल, अमित साहू व महेश गुप्ता को मंत्री के पद पर इमरान प्यारे, संगठन मंत्री के पद पर देवेन्द्र सिंह और सोशल मीडिया प्रभारी पद पर नितिन राठौर मनोनीत किये गए।

# संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस नेत्री को दी जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय शूटर व कांग्रेस पार्टी की सबसे युवा नेत्री पूनम पंडित का बुधवार को 28 वा जन्म दिन था। पूनम पंडित की गिनती तेजतर्रार, लोकप्रिय और कांग्रेस पार्टी की सबसे युवा नेत्रियों में गिनती होती है।पूनम पंडित ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर वर्ष 2022 में बुलंदशहर की स्याना विधानसभा से चुनाव लड़ा था। उनके जन्म दिन 10 जनवरी को आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर की किला मजदूर यूनियन के कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई ने पूनम पंडित को मजदूरों, किसानों और जनता का सच्चा सेवक बताते हुए जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।मजदूर नेता समीर बाजपेई ने इस दौरान कहा कि उनके एक निवेदन पर ही कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित ने आर्डिनेन्स फैक्ट्रियों के निगमीकरण का मुद्दा सोशल मीडिया पर उठाते हुए भारत सरकार से निगमीकरण रद्द करने की मांग करी थी।सुश्री पूनम पंडित सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक किसानों, मजदूरों और सभी के मुद्दों व समस्याओं को लेकर लगातार अपनी आवाज हर तरह से बुलंद करती रहती हैं।उनकी यही कार्यशैली उन्हें महान बनाती है। कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई ने उनके जन्म दिन के मौके पर उम्मीद जताते हुए कहा कि सुश्री पूनम पंडित की लोकप्रियता की वजह से ही अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी घोषित करे। कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई ने कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित के सदैव स्वस्थ, खुश और लंबी आयु के साथ राजनीति के सफर में उच्चतम शिखर तक पहुंच कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की कामना भी आदि शक्ति और महादेव से करी।कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित ने कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई का आभार जताया व धन्यवाद प्रेषित किया।

# लोकसभा चुनाव में व्यापारी निभाएंगे निर्णायक भूमिका अभिमन्यु गुप्ता

कानपुर। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा व्यापारी नेता विनय कुमार,विवेक श्रीवास्तव दीपू और प्रदीप तिवारी को समाजवादी व्यापार सभा का प्रदेश सचिव घोषित करने पर माल रोड में उनका स्वागत हुआ ।स्वागत में मौजूद व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम और व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने विनय कुमार, विवेक श्रीवास्तव और प्रदीप तिवारी की व्यापारी समाज के प्रति सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी है ।अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की व्यापारी वर्ग खुश नहीं है और लगातार उनका उत्पीड़न विभिन्न कानूनों के तहत हो रहा है ।व्यापारी उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और महंगाई के कारण परेशान हैं ।आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारी समाज सबसे अहम रोल अदा करेगा ।वहीं नवमनोनीत प्रदेश सचिव विनय कुमार,दीपू श्रीवास्तव और प्रदीप तिवारी ने सपा को मजबूत करने का संकल्प लिया ।उनके मनोनयन पर शुभ गुप्ता,मो साकिफ,हरिओम शर्मा,काले खान,साहिल आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



# कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, ऑटो में एक छात्रा भूल गई थी अपना फोन, छात्रा ने टी एस आई रणविजय सिंह को बताया वाकया,टी एस आई रणविजय सिंह ने कड़ी मसक्कत से ऑटो को ढूंढ कर वापस दिलाया छात्रा का फोन,

गीतानगर मेट्रो स्टेशन पर ऑटो में छूटा था छात्रा का मोबाइल छात्रा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीएसआई रणविजय सिंह और उनकी टीम का किया धन्यवाद मोबाइल पाकर खिल उठा छात्रा का चेहरा, छात्रा के परिजनों ने पुलिस कमिश्नरेट की वर्किंग की तारीफ की।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सेन पीजी कॉलेज में विशेष समारोह का आयोजन




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एसएन सेन पीजी कॉलेज सभागार में महाविधालय की 17वीं बटालियन यूपी गर्ल्स से जुडी एनसीसी शाखा तथा ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेल तथा महिंद्र इंस्टीटयूट द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया ।समारोह में एनसीसी कैडेटस द्वारा स्वामी जी के विभिनन प्रेरणादायी विचारों से सम्बन्धित पोस्टर बनाएं जाने के साथ ही महाविधालय में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास में विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर महाविधालय प्रचार्या ने कहा कि मानव जाति में युवा वर्ग सबसे ज्यादा शक्तिशाली है और भारत देश में सबसे जयादा युवा शक्ति है। प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को शक्तिशाली बनाने हेतु अनेक योजनाएं आरंभ की गई है, जिसका लाभ लेकर देश के युवा स्वयं का व अंततः अपने देश व समाज का विकास कर सकते है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अंकित त्रिवेदी, अंजलि त्रिवेदी, प्राचार्या प्रो0 सुमन, रोजगार प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो0 गार्गी यादव, एनसीसी कोष्ठ प्रभारी डा0 प्रीति यादव तथा कैप्टन ममता के अलावा डा0 मीनाक्षी व्यास, डा0 शैल बाजपेयी, डा0 प्रीता अवस्थी आदि शिशिकाएं उपस्थित रहीं।

# नार्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाई संघ व मैस यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग

## नार्थ सेंट्रल मैस यूनियन द्वारा भी किया गया प्रदर्शन और उपवास





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।नई पेंशन स्कीम को समापत कर पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किये जाने की मांग को लेकर सेंट्रल स्टेशन प्लेटफार्म नं0 1 पर नार्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाई संघ के सदस्यों द्वारा क्रमिक उपवास शुरू किया गया जो 8 जनवरी से लेकर 11 जनवरी तक किया जायेगा।कानपुर परिक्षेत्र की सभी शाखाओं के शाखा सचिव आरएनपी सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर पूर्व में रेल कर्मचारियों द्वारा रामलीला मैदान नई दिल्ली में विशाल प्रदर्शन भी किया गया था।

आरएनपी सिंह ने बताया कि आज पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ड्राईवर लाबी कानपुर सेंट्रल पर एनसीआरइएस की सभी शाखाओं के सदस्यों द्वारा चार दिन का क्रमिक उपवास शुरू किया गया है साथ ही इस उपवास में न्यू पेंशन स्कीम में आने वाले रेल कर्मचारी मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है।उन्होने कहा कि यदि ओपीएस लागू नही किया गया तो वो दिन दूर नही, जब समस्त भारत वर्ष का रेल कर्मचारी हडताल पर जाने के लिए बाध्य होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व व अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मान सिंह ने की तथा इस अवसर पर आरएनपी सिंह, सिराज अहमद, अजीत सिंह, राजेश मार्या, राजेंद्र कुमार, भारत भूधण, शाखा अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, आशुतोष झिंगरन, दिनेश गुप्ता, आरआर तिवारी, प्रभात, एसएन श्रीवास्तव आदि श्रमिक नेता उपस्थित रहे।

पुरानी पेशन बहाली की मांग को लेकर नार्थ रेलवे सेंट्रल मैस यूनियन द्वारा भी उपवास तथा प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि आज सभी रेलवे कर्मचारियों की शाखाओं द्वारा प्रदर्शन उपवार करके पुरानी पेशंन को बहाल करने की मांग की जा रही है।कहा कि हम अपनी सारी सेवा देते है और सरकार से यह आशा करते है कि हमारी मांगों को सरकार द्वारा संज्ञान में लेकर उसे पूरा किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन शाखा मंत्री सत्यजीत यादव द्वारा किया गया।

# यातायात व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे पुलिस कमिश्नर, पुलिस अमला भी उतरा सड़क पर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर की बेपटरी हो रही यातायात को सुचारू रूप से लाने के लिए पुलिस कमिश्नर से कमर कस ली है।जहां उन्होने बैठक कर अधिकारियों को यातायात व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिये थे वहीं सोमवार को पुलिस कमिश्नर स्वयं घंटाघर पहुंचकर यातायात व्यवस्था की बदहाल स्थिति का जायता लिया।

बतादें कि शहर की लचर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस आयुक्त ने चार महिला पुलिस अधिकारियों को कमान सौपी है ।

और इनके सहयोग क लिए अंकिता शर्मा व शिवा सिंह को एडीसीपी यातायात का संयुक्त जिम्मा दिया है।सोमवार को पुलिस कमिश्नर स्वयं घंटाघर पहुंचे और उन्होने यातायात व्यवस्था को देखा साथ ही उन्होने अतिक्रमण व अव्यवस्थित यातायात पर आक्रोश प्रकट किया तथा जल्द ही इसे ठीक कराने तथा जनता को नियमों का पालन कराने को कहा।इसके साथ ही उन्होने कहा कि अतिक्रण और यातयात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बार-बार अभियान चलाया जायेगा साथ ही खुले में यदि कोई शराब पीता मिलता है तो पीने तथा पिलाने वालों पर कार्यवायी की जायेगी। इसके साथ ही जेसेपी आनंद प्रकाश तिवारी, एडीसीपी आरती सिंह, एसीपी सृष्टि सिंह ने भी मुख्य चौराहो का दौरा किया।

**पुलिस के संरक्षण में होता है अतिक्रमण**

कानपुर का अति व्यस्त चौराहा घंटाघर जो यातायात नियमों के आभाव तथा अतिक्रण के साथ पुलिस की लचर प्रणाली के कारण अभी तक जाम से जूझ रहा था, शायद अब नए पुलिस कमिश्नर के आने से कुछ बेहतर होने की आशा बंधी है। बताते चलें कि घंटाघर चौराहे पर शराब की दुकाने है जहां शाम को लोग फुटपाथ पर ही शराब पीते है तो वहीं चौराहे पर बने खाने के होटलो की मेजे शाम को दुकान के बाहर लगा दी जाती है,

जिससे यातायात बाधित होता है। टैक्सी, ऑटो और ईरिक्शा के साथ ही स्थानीय फल, खाने-पीने के सामान बिक्री करने वाले ठेलो व अन्य अतिक्रमण करने वालों के ऊपर पुलिस का हाथ होने के कारण यहां की व्यवस्था ठीक नही हो पा रही है और हमेशा यहां जाम की स्थिति बनी रहती है।

# एक दिवसीय भूख हड़ताल कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । पुरानी पेंशन योजना बहार करने तथा नई पेंशन योजना को रदद करने की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए आईएलडीडब्लूएफ तथा ऐआईडीएफ फेडरेशन के आवान पर आयुध निर्माण कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय भूख हडताल की गयी ।हडतालमें कर्मचारी नेता विनोद तिवारी ने कहा कि सरकार को हर हाल में पुरानी पेंशन योजना लागू करनी ही होगी अन्यथा पूरे देश का मजदूर संगठित होकर अनिश्चितकालीन भूख हडताल करेगे।कहा सरकार नए नए कानून बनाकर कर्मचारियों का शोषण करना बंदकरे। देश को जब भी आवश्यकता पडी है, सरकारी कर्मचारियों ने ही अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश की सेवा की है।भूख हडताल में विजय तिवारी, विनोद यादव, मनीश द्विवेदी, रविंद्र यादव, विनीत सिं, पंकज यादव, धर्मेद्र सिंह, धीरज, अर्जुन तिवारी, नरेश कुमार, अभिषेक पाल, मनोज यादव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।





# अपनी मांगो को लेकर नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

कानपुर नगर, कानपुर नगर निगम में सफाई कर्मचारियों द्वारा मकान भतता गलत तरह से काटे जाने के साथ ही मलिकाना हक दिये जाने को लेकर धरना देते हुए प्रदशन किया।वक्ताओं ने कहा 1978 में जारारी राजाज्ञा के अनुसार इन कालोनियों में निवास कर रहे लोगों का किराया शासन द्वारा माफ कर दिया गया था, लेकिन नगर निगम ने शासनादेश की अवहेलना करते हुए माफ किए गए किराये को कर्मचारियों के मकान भत्ता के रूप में गलत नीतियों के तहत अभी तक कटौती काट रहा है।धरने में उ0प्र0 स्वछकार महासिमिति के प्रदेश अध्यक्ष गोकुल प्रसाद आनन्द तथा महामंत्री कमल वाल्मीकि ने कहा कि 1978 को जारी राजाज्ञा के अनुसार हरजिन कालोनियों में निवास करने वाले सफाई कर्मचारियों को स्वामित्व दिऐ जाने का आदेश था साथ ही इनको कालोनियों से बेदखल न करने के भी आदेश थे ।बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया था तथा 9 सितम्बर 2020 को मुख्यमंत्री द्वारा कानपुर जिला प्रशासन को जांच के आदेश देकर रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा आज तक रिपोर्ट नही दी गयी व आज भी नगर निगम शासनादेश के विरूद्ध हरिजन कालोनियों में निवास कर रहे सफाई कर्मचारियों के वेतन से कटौती कर रहा है।धरने की अध्यक्षता गोकुल प्रसाद आनन्द व संचालन कमल वाल्मीकि ने किया।इस दौरान हरभजन नन्हेट, इतवारी लाल सेठ, रतन तिलक, देदी लाल सुदर्शन, रमेश चन्द्र, मुकेश गहरवार, राकेश बाल्मीकि, सरुश राका, वीरेन्द्र खरे, जितेन्द्र आजाद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिराथू में लोकमान तिलक ट्रेन के ठहराव की खुशी में हुआ भव्य स्वागत

**बीपीएस न्यूज**

कौशाम्बी से खबर, जनपद कौशाम्बी के सिराथू रेलवे स्टेशन लोकमान्य टर्मिनल तिलक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग लम्बे समय से की जा रही थी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सांसद कौशांबी के प्रयासों से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णो ने जनता की इस मांग को पूरा कर दिया,कानपुर सेंट्रल से मुंबई के लिए चली लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन का आज जब सिराथू स्टेशन पर ठहराव हुआ बबलू श्रीवास्तव रेलवे बोर्ड सदस्य के साथ तेज तर्रार भाजपा युवा मोर्चा कौशाम्बी के विकास पांडे दीपू, और उमेश चौधरी ,जयप्रकाश गौतम आलोक सिंह विपिन यादव



राजेश वर्मा अरुण चौधरी ने ट्रेन के ड्राइवर व गार्ड आर पी एफ,जी आर पी स्टाफ को लड्डू मिष्ठान खिलाए व माला पहनाकर गर्म जोशी से जय श्री राम नारों के साथ, भव्य स्वागत किया, रेलवे बोर्ड सलाहकार सदस्य सिराथू बबलू श्रीवास्तव ने कहा हम रेल मंत्री जी को धन्यवाद देते हैं, विकास पांडे ने कहा सिराथू में ट्रेन रुकने से यात्रियों को बहुत फायदा होगा ।इस दौरान मुख्य रूप से रेलवे बोर्ड सिराथू सलाहकार सदस्य बबलू श्रीवास्तव आलोक सिंह विकास पांडे उमेश चौधरी जयप्रकाश गौतम विपिन यादव संजय कुमार आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।